दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रांची, 27 अप्रैल, सोमवार, 2020 | वैशाख, शुक्ल, चतुर्थी, विक्रम संवत-2076, वर्ष-04, अंक-74 पृष्ठ-12, मूल्य-3.00 | रांची (झारखंड), बिलासपुर-रायपुर (छत्तीसगढ़) एवं भोपाल (मध्यप्रदेश) से एक साथ प्रकाशित

कोरोना से दुनिया में अब तक 2 लाख मौतें

वॉशिंगटन। दुनिया में कोरोनावायरस से अब तक 29 लाख 44 हजार 61 लोग संक्रमित हैं। दो लाख तीन हजार 931 की मौत हो चुकी है, जबकि आठ लाख 42 हजार 421 ठीक हुए हैं। ब्रिटेन में पिछले 24 घंटे में 413 लोगों की मौत हुई तो इटली में 260 लोगों की जान गई है। मार्च के बाद अप्रैल महीने में दोनों देशों में यह एक दिन की सबसे कम मौतें हैं। ब्रिटेन में अब तक संक्रमण से कुल 20 हजार 732 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, इटली में 26 हजार 644 लोगों की मौत हो चुकी है।

वहीं, चीन ने साफ-सफाई को बढ़ावा देने के लिए असभ्य तौर-तरीकों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार के मुताबिक, बिना रुमाल या मुंह पर हाथ रखे खांस या छींक नहीं सकते हैं। इन नियमों को नहीं मानने वालों को जुर्माना भरना होगा।

अमेरिकाः ट्रम्प ने बंद की प्रेस ब्रीफिंग

जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के मुताबिक, अमेरिका में 24 घंटे में 2494 लोगों की जान जा चुकी है। देश में मौतों का कुल आंकड़ा 54 हजार 357 हो गया है, जबकि नौ लाख 63 हजार 472 संक्रमित हैं। वहीं, ट्रम्प ने ट्वीट किया- प्रेस ब्रीफिंग का कोई मतलब नहीं है। इसकी कोई उद्देश्य नहीं रह जाता, जब पक्षपाती मीडिया शत्रुतापूर्ण सवालों के अलावा कुछ नहीं पूछता। उन्हें उससे रेटिंग मिलती हैं, लेकिन अमेरिकी नागरिकों को फेक न्यूज के अलावा कुछ नहीं मिलता। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान ट्रम्प कई बार पत्रकारों से उलझते भी नजर आए थे। शुक्रवार को किसी सवाल का जवाब दिए बिना ही वे चले गए थे।

1.33 लाख लोग इस बारे में बात कर रहे हैं

हवाई के गवर्नर डेविड इगे ने शनिवार को घोषणा की कि राज्य में स्टे-ऐट-होम ऑर्डर 31 मई तक बढ़ा दिया गया है। यह आदेश 30 अप्रैल को खतेम होने वाला था। बाहर से आने वाले पर्यटकों को मई के अंत तक 14 दिनों के लिए क्वारैंटान रहना होगा।

कोरोनावायरसः सबसे ज्यादा प्रभावित 10 देश

देश	कितने संक्रमित	कितनी मौतें	कितने ठीक हुए
अमेरिका	9 लाख 63 हजार 472	54 हजार 357	1 लाख 18 हजार 336
स्पेन	2 लाख 23 हजार 759	22 हजार 902	95 हजार 708
इटली	1 लाख 95 हजार 351	26 हजार 644	63 हजार 120
फ्रांस	1 लाख 61 हजार 488	22 हजार 614	44 हजार 594
जर्मनी	1 लाख 56 हजार 727	5 हजार 880	1 लाख 9 हजार 800
ब्रिटेन	1 लाख 48 हजार 377	20 हजार 732	उपलब्ध नहीं
तुर्की	1 लाख 7 हजार 773	2 हजार 706	25 हजार 582
ईरान	90 हजार 481	5 हजार 710	69 हजार 657
चीन	82 हजार 827	4 हजार 632	77 हजार 394
रूस	80 हजार 949	747	6 हजार 767

इगे ने कहा राज्य में आने वाले पर्यटकों में 98% की कमी देखी जा रही है। अभी हर दिन करीब 100 पर्यटक आ रहे हैं, इसीलिए उन्हें 14 दिन क्वारैंटाइन रखना जरूरी था।

अमेरिका के सबसे ज्यादा प्रभावित न्यूयॉर्क में अब तक 21 हजार 908 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दो लाख 88 हजार से ज्यादा संक्रमित हैं।

अमेरिका में न्यूयॉर्क के बाद सबसे ज्यादा संक्रमण के एक लाख पांच हजार 523 मामले न्यूजर्सी में हैं। यहां अब तक 5863 लोगों की जान जा चुकी है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 24 अप्रैल को व्हाइट हाउस के जेम्स ब्रैडी प्रेस ब्रीफिंग रूम में कोरोनावायरस पर बात करने पहुंचे।

पाकिस्तानः 24 घंटे में 581 नए मामले आए

पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में 581 नए मामले सामने आए हैं। यहां कुल संक्रमित 13,304 हैं और 277 लोगों की मौत हो चुकी है। यहां सबसे ज्यादा मामले पंजाब (5,446) और सिंध (4615) में आए हैं। इसके साथ ही यहां सामूहिक नमाज के लिए तय शर्तों की धज्जियां उड़ा दी गई हैं। मौलवी सरकार के दिशा-निर्देशों की पूरी तरह अनदेखी कर रहे हैं। मौलवियों के दबाव में आकर इमरान पहले ही मस्जिदों में सामूहिक नमाज की इजाजत दे चुके हैं।

बांग्लादेशः ढाका के एक इस्कॉन मंदिर में 31 लोग संक्रमित मिले

बांग्लादेश की राजधानी ढाका के एक इस्कॉन मंदिर परिसर में 31 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। यहां संक्रमितों की संख्या 5416 हो गई है। अब तक 145 लोगों की मौत हो चुकी है। संक्रमण की रोकने के लिए पुलिस ने पूरे परिसर को सील कर दिया है। इस परिसर में मंदिर के पुरोहित समेत सौ से ज्यादा लोग रह रहे थे।

रूसः 80 हजार से ज्यादा संक्रमित

रूस की ऑफिशियल क्राइसिस रिस्पॉन्स सेंटर ने रविवार को कहा कि यहां 24 घंटे में 6361 मामले मिले हैं और 66 मौतें हुई हैं। इसके साथ ही देश में संक्रमण का कुल आंकड़ा 80 हजार 949 हो गया है, जबकि 747 लोगों की जान जा चुकी है।

स्पेनः बच्चों को बाहर जाने की अनुमति मिली

स्पेन में एक दिन में 288 लोगों की मौत हुई है। एक महीने के बाद इतनी कम मौतें दर्ज की गई हैं। लॉकडाउन के छह हफ्ते बाद पहली बार बच्चों को बाहर जाने की अनुमति मिली है। यहां 14 साल के बच्चे 1 घंटे तक किसी वयस्क की देखरेख में खेल सकते हैं। यहां अब तक 22 हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है

क्यूबाः अफ्रीकी देशों में भी मेडिकल टीमें भेजीं

महामारी की शुरुआत के बाद से क्यूबा ने कई देशों में मेडिकल टीमें भेज कर उनकी मदद की है। क्यूबा ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका में 216 स्वास्थ्यकर्मियों की टीमें भेजीं। यहां की सरकार ने अब तक इटली, मैक्सिको, अंगोला, जमैका, वेनेजुएला समेत 19 देशों में स्वास्थ्यकर्मियों को भेजा है। इनमें करीब 900 डॉक्टर्स और नर्सें शामिल हैं। यहां अब तक 1337 संक्रमित हैं, जबकि 51 लोगों की मौत हो चुकी है। शेष 7 पर

एक नजर

आज मुख्यमंत्रियों से पीएम मोदी की अहम बैठक



नयी दिल्ली। कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में किस तरह से आगे बढ़ना है इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ संवाद करेंगे. यह संवाद इन संकेतों के बीच होगा कि यह लागू लॉकडाउन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने केंद्रित हो सकता है. देश में कोविड-19 के प्रसार के बाद मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी की यह तीसरी वीडियो कॉन्फ्रेंस होगी. सरकार के सूत्रों ने संकेत दिया कि महामारी से निपटने के तरीके पर चर्चा करने के अलावा, चर्चा लॉकडाउन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने पर भी ध्यान केंद्रित हो सकती है।

जम्मू-कश्मीर में 4 आतंकवादी मारे गए

आतंकवादी हिलाल अहमद

कुलगाम/अमृतसर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में रविवार को एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने 4 आतंकवादियों को मार गिराया। यहां अभी भी दो आतंकवादी छिपे हुए हैं। सुरक्षाबलों ने कुलगाम के गुद्दर इलाके को चारों तरफ से घेर लिया है। दूसरी ओर, पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने 25 लाख रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि वह किसी बड़े हमले को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था।

कुलगाम में रविवार की शाम सुरक्षाबल की गश्त जारी थी। इस दौरान आतंकवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पहले दो आतंकी मारे गए और फिर आधे घंटे के अंदर दो और आतंकी मार गिराए गए। कश्मीर के हिजबुल चीफ ने पंजाब में भेजा था आतंकवादी अमृतसर में पकड़ा गया हिजबुल मुजाहिद्दीन का आतंकी हिलाल अहमद जम्मू-कश्मीर के नौगाम, अवंतीपुरा का रहने वाला है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजी) दिनकर गुप्ता ने बताया कि हिलाल को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह मेट्रो यार्ड के पास ट्रक लेकर खड़ा था। हिलाल को कश्मीर में हिजबुल चीफ रियाज अहमद नाइकू ने अमृतसर भेजा था। उसे यहां सफेद एक्टिवा से आए व्यक्ति ने 25 लाख रुपये दिए थे। पुलिस अब उस रकम मुहैया कराने वाले की तलाश में है। जम्मू-कश्मीर में इस साल आतंकियों के एनकाउंटर के काफी मामले सामने आए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, एक जनवरी से अब तक 50 आतंकी मारे जा चुके हैं। इनमें 23 आतंकवादी 25 मार्च को लॉकडाउन की घोषणा के बाद मारे गए। सुरक्षा एजेंसियों ने सेना को जानकारी दी है कि पाकिस्तान की तरफ से बड़ी घुसपैठ की कोशिश की जा रही है।

खण्डेलवाल समाज के बच्चों ने आम जनता से घरों में रहने का किया आग्रह

हजारीबाग। कोरोना वायरस की महामारी से पूरा भारत वर्ष मे लॉक डाउन है वहीं दूसरे फेस के दसवीं दिन खण्डेलवाल समाज के नन्हे बच्चों ने आम जनता से कोरोना वायरस कि बचाव के लिए अपने अपने घरों में रहकर ऐसी पेंटिंग बनाकर आम जनता से अपील कर रहे है।बच्चों से बातचीत में बच्चों ने बताया कि हमारी स्कूल बंद है और हम लोग दिनभर घरों में मस्ती करते हैं हमने सोचा कि हम कुल 15 बच्चों की एक टीम बनाएं और सभी को एक-एक शब्द दे और सभी ने जब शब्द मिला दिया तब हमने एक सुंदर सा ये पेंटिंग तैयार कर लिया!

दो गज दूरी बहुत जरूरी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मन की बात कार्यक्रम में लोगों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश एकसाथ चल रहा है। ताली, थाली, दीया और मोमबत्ती ने देश को प्रेरित किया है। ऐसा लग रहा है कि महायज्ञ चल रहा है। हमारे किसान खेत में मेहनत कर रहे हैं ताकि कोई भूखा नहीं रहे। कोई मास्क बना रहा है, तो कोई क्वारैंटाइन में रहते हुए स्कूल की पुताई कर रहा है। कोई घर का किराया माफ कर रहा है। यह उमड़ता-घुमड़ता भाव ही कोरोना से लड़ाई को पीपल ड्रिवन (लोगों से संचालित) बना रहा है।

उन्होंने कहा, ''बहुत ही आदर के साथ 130 करोड़ देशवासियों की इस भावना को नमन करता हूं। सरकार ने द्धह्लह्लश्चह्य=//ष्श्च1द्वस्त्र-2डुह्लद्धश्रह्य.द्ग्श1.द्वठ्ठ/ प्लेटफॉर्म भी तैयार किया है। इसमें सरकार ने सभी को एक-दूसरे से जोड़ दिया है। इससे सवा करोड़ लोग जुड़ चुके हैं। डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी, आशा कार्यकर्ता, नर्स सभी जुड़े हैं। ये लोग आगे की योजना बनाने में मदद भी कर रहे हैं। हर लड़ाई कुछ न कुछ सिखाकर जाती है। कुछ मार्ग बनाती है, मंजिलों की दिशा भी देती है।'' प्रधानमंत्री का यह इस साल का चौथा और मन की बात का 64वां संस्करण था। इससे पहले मोदी ने 29 मार्च को मन की बात की थी।

मोदी के भाषण की 8 अहम बातें

1. देश एक टीम की तरह काम कर रहा

जब देश एक टीम बनकर काम करती है, तब हम देखते हैं कि कितना बेहतर हो सकता है। दवाईयां पहुंचाने के लिए लाइफलाइन उड़ान सेवा चल रही है। कई टन दवाएं एक से दूसरे हिस्से में पहुंचाई गई हैं। 60 से ज्यादा ट्रैक पर पार्सल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। डाक सेवा भी मजबूती से काम कर रही है। गरीबों के अकाउंट में सीधे पैसे ट्रांसफर किए जा रहे हैं। गरीबों को सिलेंडर और राशन दिया जा रहा है।

2. पुलिस को लेकर सोच में भी बदलाव आया

स्थानीय प्रशासन, राज्य सरकारों की कोरोना से लड़ाई में अहम भूमिका है। हाल ही में जो अध्यादेश लाया गया है,

स्वास्थ्यकर्मियों ने इसकी प्रशंसा की है। ऐसे स्वास्थ्यकर्मी जो कोरोना से लड़ाई में लगे हुए हैं, उन पर हमला करने वालों को सजा का प्रावधान किया गया है। पहले की बजाय पुलिस को लेकर सोच में भी बदलाव आया है। आज पुलिस जरूरतमंदों को खाना पहुंचा रही हैं। इससे पुलिस का मानवीय पक्ष सामने आया है। लोग पुलिस से जुड़ रहे हैं। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में बहुत ही सकारात्मक बदलाव आ सकता है। हमें कभी भी इसे नकारात्मक रंग से रंगना नहीं है।%

3. मदद करना हमारी संस्कृति, दूसरे देश आज थैंक्यू इंडिया कह रहे हैं

जो मेरा नहीं है, जिस पर मेरा हक नहीं है, उसे छीनकर उपयोग लाता हूं तो यह विकृति है। जब अपनी जरूरत छोड़कर दूसरे का ध्यान रखा जाता है तो इसे संस्कृति कहते हैं। भारत ने अपनी संस्कृति के अनुरूप फैसले लिए हैं। ये ऐसा समय है, जब भारत किसी देश को दवाएं न दे तो बड़ी बात नहीं है। भारत ने अपनी संस्कृति के अनुरूप फैसला लिया। दुनिया से आ रही मांग पर ध्यान दिया। आज दुनिया के राष्ट्राध्यक्षों से बात होती है तो वे थैंक्यू इंडिया कहते हैं। इससे गर्व और बढ़ जाता है।

4. इम्यूनिटी बढ़ाने का प्रयोग जरूर करें

आप लोग इम्यूनिटी बढ़ाने का प्रयोग जरूर कर रहे होंगे। काढ़े आदि के प्रयोग से प्रतिरक्षा बढ़ाई जा सकती है। जब कोई देश हमारे फॉर्मूले को बताता है तो हम हाथों-हाथ ले लेते हैं। कई बार हम अपने पारंपरिक सिद्धांतों को अपनाने की बजाय छोड़ देते हैं। जैसे विश्व ने योग को स्वीकार किया है, वैसे ही आयुर्वेद को भी स्वीकार करेगा। युवा पीढ़ी को इस बारे में भूमिका निभानी होगी।

5. आदतें बदलें; मॉस्क लगाएं, कहीं भी थूकें नहीं

कोविड ने हमारी जीवनशैली में जगह बनाई है। हमारी चेतना और समझ जागृत हुई है। इसमें मास्क पहनना और चेहरा ढंकना है। हमें इसकी आदत नहीं रही, लेकिन हो यही रहा है। अब आप खुद के साथ दूसरों को भी बचाना चाहते हैं तो मास्क जरूर पहनें। गमछा भी बेहतर है। सार्वजनिक स्थानों पर थूक देना गलत आदतों का हिस्सा था। हम हमेशा से इस समस्या को जानते थे, लेकिन यह खत्म नहीं हो रही थी। अब समय है कि थूकने की आदत छोड़ देनी चाहिए। यह बेसिक हाईजीन के साथ कोरोना को फैलने से भी रोकेगी।

शेष 7 पर

झारखंड में रविवार को 15 कोरोना पॉजिटिव मामले

82 हुई संक्रमितों की संख्या

रांची। राज्य में कोरोना के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं. हर दिन कोरोना पॉजिटिव लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है. रविवार 26 अप्रैल को आयी जांच रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 15 नये कोरोना पॉजिटिव केस मिले हैं. दोपहर में 6 मामलों की पुष्टि हुई, जिसमें तीन रांची के हॉट स्पॉट हिंदपीढ़ी से, दो लोवाडीह से और एक पिस्का मोड़ से मिले हैं. वहीं शाम को जारी जांच रिपोर्ट के अनुसार 9 नये मामले सामने आये. राज्य के स्वास्थ्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने इसकी पुष्टि की है. इन मामलो के साथ ही राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या 82 हो गयी है. इनमें 13 ठीक हुए हैं और तीन की मौत हुई है. इस प्रकार राज्य में कुल 66 एक्टिव मामले हैं.

शनिवार 25 अप्रैल को राज्य में आठ कारोना पॉजिटिव मामलों की पुष्टि हुई थी, जिसमें एक छह साल की बच्ची भी शामिल थी.

इनमें पांच मामले हिंदपीढ़ी से और एक मामला रांची के ही कांटाटोली के नेताजी नगर से सामने आया था. जबकि रात में आयी जांच रिपोर्ट में पलामू के तीन लोग कोरोना पॉजिटिव पाये गये.

शनिवार 25 अप्रैल को बोकारो से कोरोना संक्रमण को मात देने वाले चार मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है. उनसे 14 दिनों तक घर में ही क्वारेंटाइन रहने को कहा गया है. पूर्व में ठीक होने वालों में रांची से पांच, हजारीबाग से दो और सिमडेगा से एक मरीज है. झारखंड की पहली कोरोना पॉजिटिव मलयेशियाई महिला ने भी कोरोना से जंग जीत ली है. उसे कोविड-19 वार्ड से निकालकर खेलगांव स्थित क्वारेंटाइन सेंटर में रखा गया है.

प्रवासी मजदूरों और लोगों के माध्यम से फैल रहा कोरोना संक्रमणः नीतीश



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को मुख्य सचिव एवं वरीय अधिकारियों के साथ कोविड-19 के संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की. समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य में बाहर से आये लोगों की सघन जांच एवं सतत निगरानी जरूरी है. उनके स्वास्थ्य परीक्षण पर ध्यान दें और हेल्थ रिपोर्ट पर भी नजर बनाये रखें. लोग अपनी ट्रैवल हिस्ट्री न छिपायें, सामान्य सर्दी, खांसी और बुखार के लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करायें.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि अभी छह जगहों पर टेस्टिंग करायी जा रही है. उन्होंने कहा कि तेजी से कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग, सैंपल कलेक्शन और टेस्टिंग होने से ही समय रहते कोरोना चेन को तोड़ा जा सकेगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग हरसंभव स्रोत से वेंटिलेटर, टेस्टिंग किट, पीपीई किट, दवाओं एवं जरूरी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करे ताकि आवश्यकतानुसार समुचित उपयोग हो सके, इसके लिये राशि की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी. अभी भी कोरोना उन्मूलन कोष में पर्याप्त राशि उपलब्ध है.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण के साथ-साथ एईएस, जेई, बर्ड फ्लू एवं स्वाइन फीवर को लेकर भी पूरी सतर्कता बरती जाये. मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में यह ट्रेंड देखने को मिल रहा था कि पहले विदेश से आये हुये लोग संक्रमित हुए, उसके बाद उनके कॉन्टैक्ट्स के लोग संक्रमित पाये गये संक्रमण की इस चेन को बहुत हद तक तोड़ा जा चुका है किंतु अब नया ट्रेंड मिल रहा है कि जो प्रवासी मजदूर अथवा राज्य के बाहर से लोग आये हैं, उनमें संक्रमण पाया जा रहा है और उनके माध्यम से यह लोगों में फैल रहा है.

सीएम नीतीश ने कहा कि इसके लिये सघनता से डोर टू डोर स्क्रीनिंग आवश्यक है ताकि कोरोना संक्रमण के इस नये ट्रेंड को नियंत्रित किया जा सके. मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से संक्रमित मरीज लगातार ठीक होकर अपने घर जा रहे हैं लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है. लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते रहें. धैर्य रखें, सचेत रहें, सतर्क रहें, तभी स्वस्थ रहेंगे.

विधायक सी पी सिंह ने अपने हाथों से सैनिटाइज किया

रांची। श्री काली पूजा स्वागत समिति के अध्यक्ष प्रेम वर्मा और संरक्षक मुकेश मुक्ता के नेतृत्व में लगातार रांची शहर के विभिन्न वार्डो में सैनिटाइजर छिड़काव का कार्यक्रम चल रहा है आज सातवें दिन भी कोरोना को परास्त करने के उद्देश्य से sanitizer छिड़काव अभियान का शुभारंभ राशि के लोकप्रिय विधायक सी पी सिंह के द्वारा हुआ अपने हाथों से सैनिटाइज छिड़काव कर गलियों के सभी घरों को सैनिटाइज किया मौके पर उन्होंने कहा रांची नगर निगम भी अपनी ओर से सैनिटाइजर छिड़काव कर रही है लेकिन काली पूजा स्वागत समिति के द्वारा चलाए इस अभियान की में प्रशंसा करता हूं सराहना करता हूं और अपील करता हूं रांची के सामाजिक संगठन भी इस अभियान में आगे बढ़ कर अपनी महती भूमिका अदा करें सभी लोगों को मिलकर इस महामारी में किसी न किसी रूप से अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए।

25 और 26 अप्रैल को भगवान परशुराम का जन्म उत्सव मना

रांची। विश्व ब्राह्मण संघ के तत्वाधान में, झारखंड प्रदेश में विश्व ब्राह्मण संघ के आवाहन पर 25 और 26 अप्रैल को भगवान परशुराम का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया।अक्षय तृतीया को ही भगवान परशुराम का जन्म उत्सव मनाते हैं । मैं किसी का बुरा नहीं चाहता! जो मुझ में आस्था रखते हैं, मैं उनके कल्याण के लिए पल-पल दुआएं मांगता हूं। क्योंकि मैं एक ब्राह्मण हूं।। हमारे कुल गुरु भगवान परशुराम है भगवान परशुराम ने कहा ब्राह्मणों चिंता मत करो मैं तुम्हारे साथ हूं

विश्वव्यापी करोना महामारी के कारण लॉक डाउन होने के कारण सरकारी आदेश का पालन करते हुए देश हित में, मानवता के हित में अपने -अपने घरों में रहकर नियमों का पालन करते हुए,। सामाजिक दूरी बनाकर, अपने-अपने घरों में भगवान परशुराम का पूजन , चालीसा का पाठ, व्रत कथा, आरती ,हवन ,जप इत्यादि, लोगों ने अपने-अपने घरों में किया ।इसके पश्चात असहाय लोगों में दान भी दिया । आज जल दान करने का, जल पात्र दान करने का , पादुका दान, करने का छत्ता दान करने का बड़ा ही महत्व है। अन्न दान करना ,भोजन कराना इत्यादि लोगों ने शुभ कार्य किए इसकी जानकारी हमें प्राप्त हुई। संध्या समय लोगों ने दीप जलाकर अपने घरों को सजाया प्रार्थना किए शंख घंट बजाएं! (सोशल मीडिया पर लोगों ने खूब पोस्ट किए) और इस

बैशिक महामारी करोना को समाप्त करने के लिए संकल्प किया- की ऐ परमात्मा / फरसा धारी भगवान परशुराम हमारी रक्षा करें, जहां परशु पराक्रम का प्रतीक, राम पर्याय है सत्य सनातन का । विश्व की रक्षा करें ,हम प्राणियों का कल्याण करें ,हम पर कृपा करें , इस महामारी से सबको निजात दिलाएं, भाव विभोर होकर प्रार्थना कर कुछ लोगों ने उपवास कुछ लोगों ने प्रसाद पाया। सादगी और उत्साह पूर्वक चिरंजीवी भगवान परशुराम का जन्म उत्सव मनाया। विश्व को आरोग्य होने की मंगल कामना की । समाज और परिजनों के साथ सबको शांति और आनंद मिले। भारत में पुन: राम- राज की स्थापना हो प्रदेश के अलग-अलग जिलों में लोगों ने प्रेम भाव से जन्मोत्सव मनाया मुख्य रूप से राजेश तिवारी, संजीत पांडे ,अरुण झा अरविंद कुमार दुबे , सौम्या मिश्रा। रामदेव पांडे, प्रेमचंद त्रिपाठी, मुकेश पांडे, धनंजय कुमार त्रिपाठी, सोमनाथ पांडे, धर्मेंद्र नाथ तिवारी, सुरेश तिवारी, प्रमोद कुमार उपाध्याय, पवन दुबे, विवेक त्रिपाठी, आशुतोष पांडे, प्रेम तिवारी ,अजय मिश्रा, संजीव चौधरी, मुन्नी झा ,अशोक मिश्रा, संतोष पाठक, धर्मनाथ पांडे

खुटरी पंचायत में ट्रस्ट ने किया खाद्यान्न किट का वितरण

नवप्रदेश संवाददाता

जैनामोड़। जरीडीह प्रखंड स्थित खुटरी पंचायत में वार्ड सदस्य 15 की समाज सेवी मिना देवी के नेतृत्व में पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज ट्रस्ट बेरमो के द्वारा खाद्यान्न किट के अंतर्गत चावल, दाल, साबुन,बिस्कुट्स,मसाला ,सेनिटाइजर ,मास्क का निःशुल्क बितरण किया । वितरण करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष हरीश दोषी ऊर्फ राजु दोषी ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी असहाय,गरीब, मजबूर ,मजदूर व्यक्ति को भूखे नही रहने दिया जाएगा ।ऐसे व्यक्तियों की जानकारी देने की अपील की ।ताकि उन तक समय पर राहत की व्यवस्था पहुँचाया जा सके ।मीना देवी समाज सेवी के रूप में निरंतर जनहित का काम करते आ रही है । महिला विकाश के क्षेत्र में रचनात्मक कार्यो के प्रति आंदोलन के रूप में सक्रियता के लिए अच्छी पहचान भी है ।

भ्रष्टाचार के दर्जनो अरोप लगने के बावजूद हुए तबादले के बाद अब तक नही किए गए रिलीज

नवप्रदेश संवाददाता

बेरमो। कथारा महाप्रबंधक के वरीरे निजी सहायक विनय कुमार नाम नही एक रसूखवाले की पहचान बन गई है। दरअसल विनय कुमार सीसीएल कथारा महाप्रबंधक के वरीय निजी सहायक के पद पर पिछले लम्बें अरसे से कार्यरत है।सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार श्री सिन्हा यह कहते नही थकते है कि मेरी पहुंच बडे बडे राजनेताओं के अलावे सीसीएल व कोल इंडिया के उच्चे आलाधिकारीयो तक पहुंच है मेरा कोई भी बाल बांका नही कर सकता है। उक्त सभी बाते पूर्व मे हवा हवाई ही लोगों को समझ मे आती थी लेकिन अब उक्त सभी बाते चरितार्थ होता दिख रहा है।पत्रांक संख्या PD/ MP/T/Admn./2020/700 दिनांक 17/03/2020 के अनुसार सीसीएल मुख्यालय से तीन लोगों के तबादले का आदेश निकाला गया था । जिनमें से बीएंडके मे कार्यरत दो लोगों जिनमें मयंक कुमार मुखर्जी, सुवीर कुमार मुखर्जी को तुरंत रिलीज कर दिया था परंतु उनमें से एक विनय कुमार को अब तक रिलीज नहीं किया गया है।

कमीशन खोरी सहित कई अन्य शिकायतें इनके विरुद्ध सीसीएल मुख्यालय सहित कोल इंडिया व कोयला मंत्रालय तक की गई है- गौरतलब है कि कथारा महाप्रबंधक के वरीय निजी सहायक विनय कुमार पर सूबे के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के द्वारा दिनांक 29/9/18 को सीसीएल के निर्देशक कार्मिक को पत्र लिखकर भ्रष्टाचार सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए उन पर कारवाई करने का मांग किया था वहीं दूसरी ओर एम/एस.एल.पी.ए.इन्टरप्राईजेज के प्रोपराइटर अमरेश कुमार ठाकुर ने सीसीएल के सीएमडी को दिनांक 22/7/19को विनय कुमार पर बिल पास कराने के नाम पर ढाई लाख रुपए नगद कमीशन की मांग किये जाने की लिखित शिकायत किया था इतना ही नहीं बल्कि कुछ दिनों पूर्व ही इनके कारनामा और इनका रिलीज न होना का मामला भी सोशल मीडिया पर खूब छाया हुआ है।और तो और सुत्रों से मिली जानकारी को माना जाए तो पीए साहब ने राज्य के विभिन्न जिलों सहित अन्य राज्यों में भी करोड़ें रूपए की चल अचल आय से अधिक संपत्ति अर्जित कर रखे हैं ।जो जांच का विषय है। सवालों के घेरे में महाप्रबंधक की चुप्पी व कुछ चंद श्रमिक संगठनों की भूमिका- जहां एक तरफ संवेदनशील व अतिसंवेदनशील पदों को लेकर श्रमिक संगठनों के नेताओं के द्वारा लगातार आवाज उठाया जाता रहा है वहीं दूसरी ओर कुछ चंद श्रमिक नेता के द्वारा रसूखदार पीए साहब जो की वर्षो से एक ही स्थान पर डटे हुए हैं उनके ट्रांसफर पर पुनर्विचार कर उसे रूकवाने के लिए प्रयास करते दिख रहे है उनकी भी इस मामले में भूमिका धूमिल होता दिख रहा है

भक्तांबर जाप की बहुत शक्ति है: बबीता छाबड़ा



हजारीबाग। कोरोना वायरस की महामारी में जहां एक और पूरे देश में लोग डाउन की स्थिति है,वही हजारीबाग की जैन महिला समाज की महिलाएं अपने अपने घरों में भक्तामर जाप संध्या में कर रही है। 48 श्लोक से यह स्त्रोत 48 घरों में फोन के माध्यम से चेन बनाकर सभी महिलाएं जाप कर रही है।हमारे संवादाता प्रमोद खंडेलवाल ने जब बबिता छाबड़ा से बात की तो बताया कि भक्तामर पाठ का महत्व जैन दर्शन में अग्रणी है। स्त्रोत में भगवान 1008 श्री ऋषभ नाथ जी के गुणों का चिंतन एवं महिमा का वर्णन है। भक्तामर जिन शासन का हृदय है।भक्तामर एक आध्यात्मिक उन्नति का एक महान स्त्रोत है।यह साधना का श्रेय है ।भक्तामर की साधना माने आध्यात्म की साधना है।आत्म विकास की साधना है।भक्तामर की आराधना याने कर्म निर्जरा की आराधना है ।आज तक कोई भी भगवान की भक्ति किए बिना मोक्ष नही गया है न जायेंगा।इसीलिए जीवन मे भगवान की भक्ति करना आवश्यक ही है । जिस व्यक्ति को कुछ नही आता वह व्यक्ति शुद्ध मन से भक्तामर का पाठ करके जिनेंद्र देव की निष्काम भक्ति करता है ,वह सम्पूर्ण दुरोतोको नष्ट करता है, वह गहरी आध्यात्मिक उन्नति करता है।कषायो को शांत करता है ।भगवान की भक्ति करके अपने निजात्मा का परिचय पाना यह सबसे बडी साधना है । शलोकों से युक्त य पाठ अपने आप में असीम शक्ति का महत्व रखता है।यह पाठ प्रतिदिन करने से मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। प्रकृति में आई आपदा के कारण यह जाप का आयोजन हर घर में सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन हो रहा है।हर घर में आरती,स्तुति, पाठ व धर्म चर्चा हो रही है। जैन समाज में महिलाओं द्वारा इस तरह का पाठ का आयोजन लॉंक डाऊन में एक अच्छी शुरुआत का घोतक है।

रेणु रारा, ऋतुम अजमेरा, लता पांड्या, पिंकी पाटनी, एकता पाटनी, अक्कू,सपना, रजनी, पूनम, मधु, राखी, प्रियंका, स्वेता, उमा, नितिका,रश्मि,टिशू, तूलिका, अनीता, सुनीता, कुसुम, मीना, सीमा, शोभा, सलोनी, अलका , लिम्का, वसुधा, अलीशा, सोना विनायका समेत कई महिलाओ ने अपने अपने घरों में भक्ताम्बर पाठ किया।

गिरिडीह एसडीओ ने किया तेलोडीह क्वॉरेंटाइन सेंटर का निरीक्षण

गिरिडीह। सदर एसडीओ प्रेरणा दिक्षित ने रविवार को तेलोडीह क्वॉरेंटाइन सेंटर का निरीक्षण किया और व्यस्था का जायजा लिया।मौके पर डीएसपी 1 विनोद रवानी , ब्र्छ्ह गोतम कुमार भगत,ष्ट्ह रविंद्र सिन्हा, पचंबा थाना प्रभारी शरमानंद सिंह आदि मौजूद थे।बता दें कि तेलोडीह पंचायत सचिवालय को ही क्वारेंटाईन सेंटर बनाया गया है।जिसमे कोरोना संदिग्धों को रखा गया है।एसडीएम ने यहां रह रहे लोगों से बातचीत की और उन्हें खाने-पीने को लेकर या रहने में कोई असुविधा हो रही हो इसकी, पुछताछ की।बताया गया कि क्वारेनटाइन सेन्टर में रह रहे लोगों ने मुखिया रिजवाना खातुन को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें यहां किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है।समय पर भोजन मिल रहा है, तथा किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं है। हालांकि बंगाल के कुछ लोगों ने एसडीओ को समयावधि पूरे हो जाने के वजह छुट्टी देने की मांग की। जिसके आलोक में स्त्रियों ने सकारात्मक पहल करने की बातें कहीं।

सोसल डिस्टन्स का पालन करे

सिकदारडीह पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी के सौजन्य से आज हांडाडीह में चावल,दाल सब्जी का व्यवस्था किया गया। वहीं इस नेक काम के लिए पचम्बा थाना प्रभारी शर्मानंद सिंह ओर एएसआई उमेश कुमार सिंह भी शरीक हुए और लोगो सोसल डिस्टेनिग का भी पालन करने का बताया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि ठाकुर दास, निर्मल विश्कर्मा, दीपक विश्कर्मा, संजय पांडेय, बुद्धदेव विश्कर्मा, मुन्ना पंडित, राजू पंडित, सुभम कुमार विश्कर्मा, गुड्डु साव, चीकू पंडित आदि लोग मौके पर मौजद थे मुखिया प्रमिला देवी ने कहा कि आज हमारा देश करोना वायरस के वैश्विक महामारी से जूझ रहा है इसमें हम सभी को आगे आने की जरूरत हैं मानवता से बढ़कर न कोई धर्म है न कोई जाती है मुश्किल घड़ी में हम मानव ही एक दूसरे के काम आ सकते हैं इस बीमारी से लड़ने के लिए लोग एक दूसरे का साथ देकर ही बीमारी से लड़ सकते हैं।

पिंजरापोल गौशाला के सचिव ने किया राहत सामग्री का वितरण

हमने पूरी सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखकर किया है यह कार्य: चंद्र प्रकाश जैन

हजारीबाग। कोरोना वायरस की महामारी से जहां पूरे भारतवर्ष में लॉक डाउन है वही हजारीबाग के गुरहेत पंचायत स्थित गौशाला परिसर में कार्यरत कर्मचारियों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया।गौशाला सचिव चंद्रप्रकाश जैन ने बताया कि* अक्षय तृतीया के इस पावन पर्व पर हजारीबाग गौशाला में कार्यरत 40 से भी अधिक कर्मचारियों के बीच हमने राहत सामग्री का वितरण किया जिसमें सत्तू,चूड़ा,गुड एवं कई सामान शामिल है श्री जैन ने बताया कि यह कार्य पूरी सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए किया गया है साथी साथ बताया है कि पिछले कुछ दिनों से हम मध्य रात्रि में गायों को चोकर एवं गुड़ खिलाने का भी कार्य कर रहे हैं

मौके पर चंद्र प्रकाश जैन, पन्नालाल लुहाड़िया, लता पांड्या, शोभा लुहाड़िया, रवि कुमार रितेश खंडेलवाल शामिल थे!

धनबाद की खबरे....

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने पुलिसकर्मियों व मीडियाकर्मियों के बीच सैनिटाइजर व मास्क वितरित किया

धनबाद। धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले रविवार की सुबह रणधीर वर्मा चौक पर पुलिसकर्मियों और मीडिया के बीच सैनिटाइजर और मास्क वितरित किया गया। जिसके उपरांत एसएसपी किशोर कौशल के हाथों में एसोसिएशन ने पुलिस कर्मियों के लिए सैनिटाइजर, मास्क सौंपा। इस दौरान एसएसपी ने बताया कि कोरोनावायरस के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए जिले में सोशल डिस्टेंस का नितांत जरूरी है और उसे सख्ती से पालन कराना पुलिस का दायित्व बनता है। एसोसिएशन के राजेश दुदानी ने बताया कि समाज में पुलिसकर्मियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में उनको सुरक्षित रहना जरूरी है। जिसके लिए एसोसिएशन ने एसएसपी किशोर कौशल को पुलिसकर्मियों के लिए मास्क और सनिटायीजर सौंपा है।

छत्तीसगढ़ से 5 बाइक पर सवार 10 युवक को पश्चिम बंगाल जाते धनबाद पुलिस ने पकड़ा, भेजा अस्पताल

धनबाद। छत्तीसगढ़ से 5 बाइक पर सवार 10 युवक को पश्चिम बंगाल जाते हुए रविवार की सुबह रणधीर वर्मा चौक पर तैनात पुलिस सहायक अवर निरीक्षक अशोक मंडल की जांच में पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि वह लोग छत्तीसगढ़ में कपड़े की फेरी का काम करते हैं। जिससे उनका गुजर बसर और जीवन यापन होता है। ऐसे में एक महीने के लॉक डाउन में उनकी स्थिति बदतर हो गई थी। जिससे वहां पर इन लोगों को खाना पीना भी नहीं मिल रहा था। ऐसे में 5 बाइक पर 10 युवक सवार होकर सड़क मार्ग से पश्चिम बंगाल के लिए निकल पड़े। परंतु धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर अशोक कुमार मंडल के नेतृत्व में हो रही वाहन जांच में सुबह-सुबह यह दसों युवक पकड़े गए। पूछताछ में इन लोगों के पास कोई भी उचित कागजात नहीं दिखा पाए। हालांकि पुलिस इन लोगों को संदिग्ध मानकर जांच में जुट गई है। सभी बाइकों को पुलिस ने जब्त कर लिया है । साथ ही इन लोगों को क्वारन टाईन में भेजने की तैयारी पुलिस ने कर रखी है।

जिला जज बसंत गोस्वामी ने करवाए कोर्ट परिसर को सैनिटाइज

धनबाद। पूरा विश्व कोरोनावायरस से परेशान है.कोरोनावायरस ने पूरे विश्व में कोहराम मचा रखा है, लेकिन धनबाद में सभी वर्गों के लोग लगातार कोरोना के खिलाफ लड़ाई में जुटे हुए हैं और बढ़ चढ़कर इस लड़ाई में हिस्सा भी ले रहे हैं। आज धनबाद जिला जज बसंत कुमार गोस्वामी भी इस लड़ाई में शामिल हुए और पूरे कोर्ट परिसर को सैनिटाइजिंग किए जाने के दौरान वह मौजूद रहे।

आपको बता दें कि सामाजिक संस्था एक और प्रयास के द्वारा कोरोना के इस कहर काल में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बराबर सैनिटाइजिंग की जा रही है। जिसमें जिला पुलिस का भी सहयोग प्राप्त है। धनबाद जिला पुलिस और एक और प्रयास संस्था के द्वारा थाना परिसर,कोर्ट परिसर और वैसे सभी क्षेत्र जहां पर लोगों की भीड़ इकट्ठी होती है. वैसे जगहों को चिन्हित कर सैनिटाइजिंग किया जा रहा है।

जिला जज बसंत कुमार गोस्वामी ने कहा कि कोरोनावायरस के खिलाफ पूरा धनबाद वासी एकजुट है और कोरोना को हराने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की सैनिटाइजिंग भी जरूरी है। आज सामाजिक संस्था के द्वारा कोर्ट परिसर में सैनिटाइजिंग का आयोजन किया गया। जिला जज ने कहा यह काफी अच्छी बात है। इससे कोरोना से लड़ने में काफी मदद मिलेगी।

वासेपुर में गरीब रोजेदारों को किया गया 265 रमजान किट का वितरण

धनबाद। धनबाद के वासेपुर में राशिद रज़ा अंसारी उपाध्यक्ष धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा लॉकडाऊन को देखतें हुए अपने आवास पर 265 गरीब रोजेदारों को रमजान कीट वितरण किया गया इस कार्यकम मे मुख्य रूप से विजेन्द्र सिंह जिला अध्यक्ष धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी एव संतोष सिंह,द्धुष्ट्ट सदस्य उपस्थित थे। कीट वितरण के दौरान विजेन्द्र सिंह जी ने कहा कि लॉकडाऊन के इस मुश्किल घड़ी में राशिद रज़ा अंसारी जी अपने स्तर से आए दिन गरीबों को मदद् कर रहे हैं हमलोगों ने देखा है जब से लॉकडाऊन सुरु हुआ है तब से लगातार गरीबों के बीच राशन वितरण कर रहे हैं लोगों को खाना भी खिला रहे है । राशिद रज़ा अंसारी ने कहाँ की मैं लगातार जब से लॉकडाऊन शुरु हुआ है तब से लोगों की सेवा कर रहा हूँ ओर आगें भी सेवा करता रहूँगा। इस कार्यकम मे मंटू दास, ईरफान आलम (टुन्नु) बबलू दास, मोगीस खान, जाहिद खान, तनवीर आलम, हसिम अंसारी, सहजाद अंसारी, जुनैद अंसारी, सैफ़ रज़ा, फजल खान, अली, अमजद आदि उपस्थित थे।

20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक कलेक्टोरेट में आने वाले 987 लोगों की हुई थर्मल स्क्रीनिंग

धनबाद। 20 अप्रैल 2020 से कलेक्टोरेट के विभिन्न शाखाओं में न्यूनतम कर्मचारियों के साथ कामकाज शुरू किया गया था।

कामकाज शुरू करने से पहले उपायुक्त श्री अमित कुमार ने कलेक्टोरेट में आने वाले हर व्यक्ति की थर्मल स्क्रीनिंग करने का निर्देश दिया था।

उपायुक्त के निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य विभाग के परमेश्वर कुमार चौहान एवं नीतय कुमार दास ने मुख्य द्वार पर हर आने वाले की थर्मल स्क्रीनिंग की और हैंड सैनिटाइजर से हैंडवाश भी कराया। सोमवार 20 अप्रैल 2020 को 190 लोगों की थर्मल स्क्रीनिंग की गई। 21 अप्रैल को 186, 22 अप्रैल को 112, 23 को 116, 24 को 177 तथा शनिवार 25 अप्रैल को 206 लोगों की थर्मल स्क्रीनिंग की गई। सभी का शारीरिक तापमान 97.6 डिग्री फारेनहाइट से 99.2 डिग्री फारेनहाइट के बीच पाया गया।

उपायुक्त व एसएसपी ने किया गोविंदपुर में निरीक्षण

धनबाद। उपायुक्त अमित कुमार तथा वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने आज गोविंदपुर प्रखंड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सामुदायिक किचन, जन वितरण प्रणाली की दुकान का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सामुदायिक किचन का निरीक्षण करने के बाद वहां पर साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री सुशील कुमार राय एवं अंचल अधिकारी श्रीमती वंदना भारती को जन वितरण प्रणाली की दुकान से अप्रैल और मई माह के लिए किए गए अनाज वितरण की जांच करने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि वे वितरण पंजी में से किसी भी 8 - 10 लाभुकों का फोन नंबर लेकर उनसे फोन पर बात करें। साथ ही यह सुनिश्चित कर लें कि उन्हें 2 माह का पूरा अनाज पीडीएस दुकानदार द्वारा दिया गया है। साथ ही उन्होंने कोविड-19 के फैलाव के रोकथाम के लिए घोषित लॉकडाउन में बाजार, हाट, दुकान, बैंक इत्यादि में सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से अनुपालन कराने, अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने, बाहर निकलने वालों को अनिवार्य रुप से मास्क लगाने का निर्देश दिया।

ससुराल से घर लौट रहे युवक सडक हादसा में मौत

नवप्रदेश संवाददाता

पेटरवार। पेटरवार - तेनुघाट मुख्य मार्ग पुटकाडीह मोड़ पर ससुराल से अपने घर लौट रहे युवक की मौत सड़क हादसे में मौके पर ही हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार- कसमार थाना इलाके के सोनपुरा पंचायत के पीरवाटांड गांव निवासी गणेश सिंह 31 वर्ष अपने ससुराल पेटरवार थाना क्षेत्र के उलगड्डा पंचायत के गाढ़ापार से मोटरसाइकिल पर अपने घर लौट रहा था कि पुटकाडीह मोड़ के निकट अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराया। जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। सुबह- सुबह ग्रामीणों ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक समेत युवक को देखा। इस दौरान युवक का शव ठंड से टाइट हो गया था। पेटरवार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु तेनुघाट रेफरल

अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि लॉकडाउन के मद्देनजर युवक अपने ससुराल से सुबह 4 बजे ही निकला था।

सैनिटाइजर बनाने के लिए अल्कोहल की होती है सबसे अहम भूमिका: महेंद्र शर्मा

झारखंड का एकलौता अल्कोहल बनाने का फैक्ट्री धनबाद में, अंकुर बायोकेम

उत्पाद आयुक्त, उपायुक्त व सहायक उत्पाद आयुक्त के प्रयास से सैनिटाइजर का लाइसेंस मिलना हुआ संभव

नवप्रदेश(अजय प्रसाद)

धनबाद। आज सभी लोग जानते हैं कि इस वैश्विक महामारी कोरोना वायरस का कार्ड सिर्फ एहतियात है और जिसमें सैनिटाइजर एवं साबुन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जब यह करो ना महामारी झारखंड में पैर पसारा उस समय झारखंड के सभी जिलों में सभी दुकानों में सैनिटाइजर की मारामारी एवं कालाबाजारी चल रही थी क्योंकि कालाबाजारी करने वाले लोग सैनिटाइजर का जमाखोरी कर रहे थे और आम लोगों तक सैनिटाइजर की पहुंच काफी दूर हो गई थी। झारखंड सरकार ने झारखंड सहित धनबाद के एकलौता अल्कोहल बनाने वाला प्लांट धनबाद के तेतुलिया निरसा स्थित अंकुर बायोकेम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जिसे सैनिटाइजर बनाने का भी लाइसेंस दिया गया। अंकुर बायोकेम कंपनी के एमडी महेंद्र शर्मा एवं कंपनी के सीईओ एसएल सोलंकी से नव प्रदेश से हुई खास बातचीत में कंपनी के एमडी महेंद्र शर्मा ने बताया कि यह बात सत्य है कि इस वैश्विक महामारी को रोना के प्रसार को रोकने के लिए सैनिटाइजर एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। और सैनिटाइजर की बाजार में काफी किल्लत भी हो गई है लेकिन अब झारखंड में सैनिटाइजर की किल्लत नहीं होने दिया जाएगा, उन्होंने बताया कि कोरोना जैसे वैश्विक महामारी को देखते हुए झारखंड सरकार उत्पाद विभाग के कमिश्नर भोर सिंह यादव धन्यवाद के सहायक उत्पाद कमिश्नर डॉ आर के यादव एवं धनबाद के उपायुक्त अमित कुमार के सहयोग से अंकुर बायोकेम को सैनिटाइजर बनाने का लाइसेंस मात्र दो ही दिन में उपलब्ध करा दिया गया जिसके वजह से आज अंकुर बायोकेम कंपनी में व्यापक पैमाने पर सैनिटाइजर का उत्पादन किया जा रहा है और सरकार को इसकी आपूर्ति की जा रही है इसके अलावा आम लोगों तक भी इस सैनिटाइजर को कम दाम में पहुंचाने का काम किया जा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि सरकार के द्वारा जो सैनिटाइजर का दर निर्धारित किया गया है उसी दर के तहत 100ml सैनिटाइजर का दाम 50 एवं 200ml सैनिटाइजर का दाम 100 कंपनी के द्वारा रखा गया है। श्री शर्मा ने बताया कि बहुत ही जल्द अंकुर बायोकेम कंपनी लिक्विड सैनिटाइजर के साथ-साथ अब जेल सैनिटाइजर भी बाजार में उपलब्ध कराएगा उन्होंने बताया कि जेल सैनिटाइजर के स्थान पर लिक्विड सैनिटाइजर अधिक कारगर होता है क्योंकि लिक्विड सैनिटाइजर में अंकुर बायोकेमिक कंपनी के द्वारा 80त्न अल्कोहल समाहित कर सैनिटाइजर बनाता है लेकिन जेल बनाने के लिए मात्र 70 प्रतिशत ही अल्कोहल का उपयोग किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान बाजार में बहुत ही डुप्लीकेट सैनिटाइजर भी आ गए हैं जिससे आम लोगों को जानने और पहचानने की जरूरत है उन्होंने कहा कि सरकार इस पर भी नजर रखे हुए हैं और कई जगह सूचना मिलते ही छापामारी भी सरकार के द्वारा किया जा रहा है और डुप्लीकेट सैनिटाइजर को जब भी किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बाजार में सैनिटाइजर का दाम सरकार के मानक का से काफी अधिक रखा गया है जिसमें 100ml का कीमत बहुत कंपनियां डेढ़ सौ रुपए से ऊपर भी रखी है जो सरकार के मानकता दर से परे है, और आम लोगों की भी जेब काटी जा रही है। इस दौरान अंकुर बायोकेम कंपनी के सीईओ एफएल सोलंकी ने बताया कि अंकुर बायोकेम द्वारा प्रत्येक दिन 30000 लीटर सैनिटाइजर का उत्पादन किया जा रहा है जो सरकारी तंत्रों के अलावा आम लोगों तक पूरे झारखंड में पहुंचाया जा रहा है झारखंड के अलावा अन्य राज्यों में भी अंकुर बायोकेम का सैनिटाइजर भेजा जा रहा है श्री सोलंकी ने बताया कि अंकुर बायोकेम का सैनिटाइजर Clean X सैनिटाइजर में 80% अल्कोहल,

1.4 5% ग्लिसरीन एवं 27% हाइड्रोजन पराक्साइड तथा 0.125 प्रतिशत रंग एवं सुगंध मिश्रण किया जाता है जो डब्ल्यूएचओ द्वारा प्रमाणित फार्मूला के आधार पर बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि डब्ल्यूएचओ के द्वारा फॉर्मूला के आधार पर यह Clean X हेन्ड

सैनिटाइजर आम लोगों के लिए 99.9 प्रतिशत कोरोना या किसी भी संक्रमण फैलाने वाले जर्म्स को मारने में कारगर है । श्री सोलंकी ने बताया कि कानपुर बायोकेम कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा क्लीन एक्स हैंड सैनिटाइजर 100 एमएल 200 एमएल 600 एमएल

5 लीटर 10 लीटर एवं 15 लीटर के जार में बाजार के लिए उपलब्ध कराती है।

सूर्योदय व सूर्यास्त: सूर्योदय 05.44, सूर्यास्त 5.59, सोमवार

रांची पेट्रोल-डीजल: पेट्रोल 72.17, डीजल 68.61 प्रति लीटर

रांची गैस सिलेंडर: घरेलू 776.50, व्यावसायिक 1585.50

रांची तापमान: अधिकतम 29.7°C, न्यूनतम 23.8°C

लॉक डाउन में मुक्ति संस्था ने दिखाई मानवता

जुमार नदी तट पर दस लावारिस शवों का अंतिम संस्कार

अपराध संवाददाता

राँची। कोरोना वायरस जैसे महामारी को रोकने के लिए प्रधानमंत्री के द्वारा लगाए गए संपूर्ण लॉकडाउन में भी मुक्ति संस्था ने बहुत बड़ी मानवता दिखाई है।रविवार को रिम्स में पड़े शवों को मुक्ति संस्था की तरफ से जुमार नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया है।वहीं लॉकडाउन के नियम का पालन करते हुए संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने सभी सदस्यों को घर मे रहने के लिए कहा और घर से ही मृत आत्माओं की शांति प्रार्थना करने कहा गया। जिसके बाद सभी सदस्य लॉक डाउन का पालन करते घर मे ही रहकर प्रार्थना की। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि दाह संस्कार के कार्यक्रम में सामाजिक दूरियां का ख्याल रखते हुए शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

उन्होंने बताया कि रिम्स में पड़े 10 लावारिश शवों का सामूहिक अंतिम संस्कारकिया गया है। मुक्ति संस्था राँची की ओर से रिम्स में पड़े लावारिश शवों का जुमार नदी तट पर पूरे विधिविधान से अंतिम संस्कार किया गया।उन्होंने स्वयं शवों को मुखाग्नि दी। संस्था अबतक 959 लावारिश शवों का अंतिम संस्कार कर चुका है ।

नगर निगम की तरफ़ से लकड़ी और किरासन तेल उपलब्ध कराया गया।चूंकि रिम्स को शीत शव गृह के मरम्मत का कार्य करवाना था इसलिए संस्था से अनुरोध किया गया था कि शवों का दाह संस्कार अगर सम्भव हो तो किया जाय।इसके बाद मुक्ति संस्था ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए निभाया।

मुक्ति संस्था के अध्यक्ष के अलावा रिम्स के चार कर्मी शामिल थे जिन्होंने शव को पैकिंग कर जुमार नदी तक पहुंचाया।नगर निगम की ओर से लकड़ी और मिट्टी तेल उपलब्ध कराया गया।

अंतिम संस्कार में ऑनलाइन अरदास किया गया

अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने जिस समय शवों को मुखाग्नि दे रहे थे उस समय ऑनलाइन अरदास सम्पन्न कराया उसके बाद अध्यक्ष ने मुखाग्नि भेंट की।

अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने मुक्ति संस्था के सभी सदस्यों को घर पर ही रहने का अनुरोध किया और अकेले ही कार्यक्रम करने गए, तथा रिम्स के कर्मचारियों की मदद से कार्यक्रम सम्पन्न किया।

जारप(JARP) ने की जरूरतमंदों के मदद की अपील

कोरोना के खिलाफ विभिन्न पूर्व छात्र समूह द्वारा किये गय कार्य को सराहया

संवाददाता

रांची। जेसुइट अलम्नाइ एशोसिएशन आफ राँची प्राविन्स (JARP) ने सभी स्कूल और कौलेज के पूर्व छात्र संघों से अपील की है वे कोरोना के खिलाफ इस लड़ाई में आगे बड़े , जा.र.प के अध्यक्ष श्री अवधेश राय, उपाध्यक्ष श्री पंचम टप्पो, सचिव श्री हिमालय , सह-सचिव श्री उत्सव प्राशर एवं कोषाध्यक्ष श्री पंकज कुमार ने साझा बयान जारी कर ये अपील की।

राँची में पूर्व छात्र संघों का एक बड़ा समूह है और सभी अपने अपने तरीक़े से कोरोना के ख़िलाफ़ लड़ रहे है और समाज हित में कार्य कर रहे है , जिसमें विशेष रूप से XISS अलम्नाइ असोशीएशन (AAXISS) , डोरंडा ओल्ड जेवेयर (DOX) , संत जॉन एक्स बॉज़ वेलफ़ेयर असोशीएशन (SEWA) और कई अन्य शामिल है । ये संघ रक्तदान शिविर, खाद्यान्न वितरण के साथ-साथ कोविड की जागरूकता, सुरक्षा उपायों , कोरोना योद्धाओं के प्रयासों को सराहना और चिकित्सीय सलाह के लिए काम कर रहे हैं । हमें इन संघों से प्रेरणा लेनी चाहिए और ऐसा ही करने की कोशिश भी करनी चाहिए ।

जेसुइट अलम्नाइ असोशीएशन आफ राँची प्राविन्स के सदस्यों ने कहा की इस समय सभी को संस्थागत स्तर के साथ साथ व्यक्तिगत रूप से भी आगे आना चाहिए । हमारा देश धीरज और कोरोना दोनों से लड़ रहा है , हम सब अपने आप को घर पर रखकर, सरकारी नियम का पालन कर और जरूरतमंदों की मदद कर इस वैश्विक संकट से लड़ सकते है।

सरकार के नियमों का उल्लंघन

पाकी। तरहसी प्रखंड के नवगढ़ पंचायत मुखिया का मनमानी एक तरफ देश कोरोना वायरस संकट से जूझ रहा है तो दूसरी तरफ रजनी सिंह मुखिया गरीबों की खाना मैं हिस्सेदारी के लिए ग्रामीण जनता के साथ बदसलूकी करने में बाज नहीं आया आए । पुरे देश में लॉक-डाउन तथा शोसल डिस्टेंन्सींग का नियम का पालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री दीदी किचन योजना चल रहा है, जिसमें पंचायत के सखीमंडल समूह पंचायत के वैसे लोगों को जो बेसहारा,दिव्यंग व दैनिक मजदूरी करने वाले लोग हैं!तथा अपना जिविका लॉक डाउन में चला सकने में असमर्थ हो गये है, वैसे लोग इस संस्था के सौजन्य से सभी पंचायत के महिला सखी मंडल को भोजन बनाए जाने की उत्तरदायित्व सौंपी गई है।ऐसे में उपर्युक्त प्रकार के व्यक्ति को भुख से निजात दिलाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है।भुख से कोई व्यक्ति मरे नहीं उसे बचाने के लिए सरकार द्वारा इस संस्था को चलाया गया है।वहीं तरहसी प्रखंड के नवगढ़ पंचायत के ग्राम-नावा में भी दीदी किचन का कार्य करने का दिया गया था,इसमें सात किचन दीदी का सदस्य, सुनिता कुमारी, खुशबू देवी-1, खुशबु देवी-2,चंपा देवी, सुनिता देवी,अंजू देवी,रुपवंती देवी सम्मिलित हैं,लेकिन पंचायत के मुखिया रजनी सिंह द्वारा कार्यक्रम को करने से मना कर दिया गया। व मुखिया ने सारी कार्यरत दीदी किचन सदस्य के साथ गाली-गलौज भी किया। शुक्रवार को गांव के सभी महिलाओं को बिना किसी सोसल डिस्टेन्सीग व सोसल डिस्टेंस का उल्लघंन करते हुए दीदी किचन योजना को बंद करा दिया गया। मुखिया द्वारा कार्यरत सभी दीदी किचन सदस्य के साथ बदसुलूकी व मारने का भी धमकी दिया गया।साथ ही साथ सभी कार्यरत दीदी किचन सदस्य को धक्का-मुक्की करके वहां से भगाया गया। बताया जाता है कि रजनी सिंह मुखिया हिसाब मांग रही थी। जबकी दीदी किचन सदस्य द्वारा पहले ही हिसाब दिया गया था तो वह मानने के लिए तैयार नहीं थी।उनका कहना था कि सारी राशियों को निकाल कर मेरे हाथों में सौंप दे। ऐसे मुखिया को उच्च अधिकारियों से जांच कर मुखिया पर कानूनी कार्रवाई की जाए उक्त जानकारी तरहसी प्रखंड के रांकी पहाड़ियां व ग्रामीण जनता द्वारा दिया गया है।

विशेष साफ-सफाई रखने की जरूरत, पैनिक होने की आवश्यकता नहीं: डॉ अभिषेक

कोडरमा। रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण कोरोना वायरस के फैलने की आशंका भी जताई जा रही है। देश व राज्य के कई क्षेत्रों में कोरोना वायरस से पीड़ितों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है।उक्त बातें रविवार को कोडरमा में हो रहे आंधी तूफान के साथ रिमझिम बारिश के मौके पर सदर अस्पताल कोडरमा में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक कुमार ने कहा वहीं बेमौसम बरसात व तापमान से कोरोना वायरस का क्या संबंध के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। हालांकि मेरा एवं अन्य चिकित्सकों का यह मानना है कि बारिश के चलते तापमान गिरने से नजला-जुकाम के मरीज बढ़ जाएंगे। वही दूसरी ओर उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस ड्रॉपलेट से बढ़ने वाली बीमारी है। छींकने या खांसने से ड्रॉपलेट हवा में आ जाते हैं। पारा गिरने से हवा में नमी आ जाती है। इस स्थिति में कोरोना वायरस के ड्रॉपलेट भी हवा में अधिक समय तक रह सकते हैं।अक्सर देखा जाता है कि बारिश के बाद ठंड बढ़ने से सर्दी-जुकाम के मरीजों में बढ़ोतरी हो जाती है और इंफेक्शन बढ़ने के साथ ही बुखार भी हो जाता है। ऐसे में ठंड में कोरोना वायरस के बढ़ने की संभावना भी जताई जा रही है।

चौधरी सेवा संघ ने जरूरतमंदों को बांटा 451 पैकेट कच्चा अनाज

संवाददाता

रांची। चौधरी सेवा संघ के द्वारा लॉक डाउन के दौरान 14 से 26 अप्रैल 2020 तक 451 पैकेट कच्चा अनाज का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया गया है। संघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार चौधरी के निर्देशन में कोरोना लॉकडाउन में प्रतिदिन रांची के विभिन्न क्षेत्रों में कच्चा अनाज समाज के सभी लोगों के सहयोग से जरूरतमंदों के बीच बांटी जा रही है। 14 अप्रैल से अबतक कच्चा अनाज रांची के चूना भट्ठा, आनंदनगर, कमड़े, इंद्रपुरी, अलकापुरी, श्रीनगर,चूना भट्ठा, विद्यानगर,कर्मचौक, देवी मंडप रोड,गोपाल मंदिर रोड, रवि स्टील, कैलाशनगर, विकासनगर, बैंक कॉलोनी, हनुमान नगर, स्वर्ण जयंती नगर आदि क्षेत्रों में वितरण की गई है। प्रत्येक लोगों को 5 केजी चावल, 2 केजी आलू, 1 केजी चना दाल, 300 ग्राम सोयाबीन बरी का पैकेट बना कर दिया गया है। वितरण समारोह पूर्णरूपेण सामाजिक दूरी बनाकर किया गया। सुधीर कुमार चौधरी ने कहा जब तक लॉक डाउन रहेगी संस्था द्वारा जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। संस्था के मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा ने लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने के लिए सलाह दिए साथ ही कोरोना वायरस से बचने के लिए आवश्यक जानकारियां भी दी। वितरण समारोह को सफल बनाने में मुख्यरूप से अध्यक्ष सुधीर कुमार चौधरी, महामंत्री सोनेलाल चौधरी, मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार चौधरी, मनोज चौधरी, कोषाध्यक्ष अजीत चौधरी, सुरेंदर चौधरी सहित रमेश चौधरी, श्याम बाबू चौधरी, मुकेश चौधरी, अनिल चौधरी, रंजीत चौधरी, गणेश चौधरी,विजय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अम्बेडकर नगर मे प्रतिदिन 200 लोगों को खाना बांट रहे हैं युवा दम्पति

सरकार के द्वारा कुछ दिन का राशन देने मात्र से वे लोग जिन्दा नहीं रह सकते हैं: दीवाना

झुमरीतिलैया। नगर परिषद क्षेत्र वार्ड नं0 27 मे बजरंग नगर स्थित सलम एरिया अम्बेडकर नगर मे पूर्व पार्षद बिनोद कुमार दीवाना और उनकी पत्नी रीना देवी प्रतिदिन पका हुआ गर्म भोजन दाल भात सब्जी करीब दो सौ से ज्यादा गरीब मजदूरों, महिलाओं, बच्चों को बांट रही है। इस नेक काम के लिए गरीबों के बीच काफी सराहे जा रहे हैं युवा दम्पति. इससे पूर्व भी तीन सौ परिवारों को सुखा राशन बांट चूके हैं। बिनोद दीवाना ने कहा कि अम्बेडकर नगर मे ज्यादातर दलित परिवार रहते हैं, जो रोज कमाते और खाते हैं, कई लोग शीसा,लोहा, प्लास्टिक चुनकर जिन्दगी गुजर बसर करते हैं, कुछ लोग भीख मांगने वाले भी हैं. लॉक डाउन के बाद भूखों मरने की स्थिति मे हैं.सरकार के द्वारा कुछ दिन का राशन देने मात्र से वे लोग जिन्दा नहीं रह सकते हैं. इसलिए हम इन्हें रोज खाना बनाकर खिला रहे हैं और इस काम से मुझे गर्व महसूस होता है. इस नेक काम मे युवा दम्पति को कई लोग शारीरिक मदद कर रहे हैं जिसमे अभय वर्मा, दिलीप रजक, विजय रजक, बद्री वर्णवाल, विवेक साव, राहुल, मुकेश, रवि बरहपुरीया, सीडी प्रसाद, लवकुश, मुन्ना ठाकुर आदि शामिल हैं।

इंडियन लायंस क्लब रेम्बा ने जरूरतमंदों के लिए किया मास्क वितरण

जमुआ(गिरिडीह) जमुआ प्रखंड के रेम्बा में कोरोना महामारी से निपटने के लिए लोगों के बीच इंडियन लायंस क्लब रेम्बा के सदस्यों द्वारा मास्क का वितरण किया गया क्लब के देख रेख में सुशीला देवी, काजल कुमारी, डोली कुमारी सहित कई अन्य ने मास्क बनाने के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है।जो पिछले दो दिनों से जारी है। संस्था के अध्यक्ष सुधीर कुमार वर्मा ने बताया कोरोना वायरस जैसे संकट की घड़ी में महामारी से बचाव में फेस मास्क अहम भूमिका निभाती है। वर्तमान समय में लॉक डाउन की वजह से बाजार बंद हैं। ऐसे में मास्क का निर्माण बड़े पैमाने पर नहीं हो पा रहा है। लोग घर तक सीमित है।जिस कारण आम लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में उन जरूरतमंदों तक जिन्हें इसकी नितांत आवश्यकता है। मास्क उपलब्ध कराने के लिए सहयोगी संस्थाएं आगे आ रही है और निःशुल्क वितरण भी कर रही है मद्देनजर इसे ध्यान रखते हुए इंडियन लायंस क्लब रेम्बा के द्वारा कोरोना महामारी के इस दौर में लोगों तक उनके घर पहुंच कर मास्क उपलब्ध कराने कि दिशा में कार्य किया जा रहा है ताकि इस महामारी से बचा जा सके। हम सबों को एकजुटता के साथ कोरोना के विरुद्ध खड़ा होने की जरूरत है और ऐसे लोगों तक मदद भी पहुंचाना है, जिन्हें मदद की सख्त जरूरत है। क्लब के माध्यम से रेम्बा, निमाटोला, पतारडीह आदि गांवों में ग्रामीणों के बीच मास्क बांटा गया। इस दौरान सोशल डिस्टेंस का पालन किया गया और वर्तमान समय में मास्क के नियमित प्रयोग के लाभों से लोगों को अवगत करवाया गया। साथ ही कोरोना से बचाव के अन्य बातों को भी बताया गया। मौके पर छोटन राणा, प्रवीण राणा, बसंत राम, कृष्ण राणा,छोटू राणा सहित कई अन्य मौजूद थे बताया गया आगे भी संस्था वितरण का कार्य जारी रखेगी

अपनी जीवन शैली में हमें परिवर्तन लाना होगा: डॉ शरद

कोडरमा। चिकित्सीय सलाह देते हुए सदर अस्पताल कोडरमा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शरद कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा लॉक डाउन की अवधि का दुबारा विस्तार करने का फैसला लेने से ही हम सभी को सोचना चाहिए कि कोरोना के कारण स्थिति गंभीर हो सकती है।अभी पिछले कुछ दिनों से इस लॉक डाउन में जरुरी वस्तुओं की खरीदारी के लिए ढील दी गयी है।परंतु हमें इसका नाज़ायज़ फायदा नही उठाना चाहिए।हम सबको मिल कर कोरोना से लड़ना है डरना नही है,परंतु नही डरने का ये मतलब नही की हम सावधानियां नही बरतें,अपनी जीवन शैली में हमें परिवर्तन लाना होगा और कुछ महत्वपूर्ण सावधानियां अवश्य रखनी होगी अगले कुछ महीनो तक या यूँ कहे की कुछ चीजों को तो हमें हमेशा के लिए अपना लेना चाहिए।

मुख्य बातें

बेवजह घर से बाहर नही निकलें, अगर जरुरी की खरीदारी के लिए बाहर जाना आवश्यक है तो सोशल डिस्टैंसिंग का अवश्य पालन करें, घर से बाहर निकलते वक़्त चेहरे पर ट्रिपल लेयर मास्क अवश्य लगाएं।होम मेड ट्रिपल लेयर मास्क या गमछा भी इस्तेमाल कर सकते है।अगर आप सर्जिकल मास्क इस्तेमाल करते है तो छः घंटे के बाद उसका इस्तेमाल नही करे उसको डिस्पोज़(ÙC)कर दें।अगर होम मेड मास्क है तो प्रत्येक दिन उसको गर्म पानी में धो कर 5 घंटे तक धुप में सूखने दें उसके बाद अगर संभव हो तो आयरन करके फिर इस्तेमाल करें,अपनी हाँथो की उँगलियों से आँख ,नाक,मुँह को नही छुएँ, किसी भी वस्तु को अगर हाँथ से छूते हों तो तुरंत अपनी हाँथो को साबुन से अच्छी तरह धोये।कम से कम 40 सेकंड तक हाँथ की सफाई करें , घर से बाहर अगर जातें है तो लौट कर आने पर पहने हुए सभी कपड़ो को गर्म पानी में धोएं, प्रत्येक दिन सुबह में कम से 45 मिनट तक योग अवश्य करें , जितना हो सके हरी साग सब्जियां,और दाल ,दूध का उपयोग खाने में अवश्य करें , अपने शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी का सेवन जरूर करें , बगैर चिकित्सीय सलाह बेवजह दवा का सेवन नही करे,सर्दी,खाँसी या बुखार जैसी कोई भी लक्षण होने पर तुरंत अपने नजदीकी अस्पताल में जा कर चिकित्सक से मिलें , घर से बाहर अगर निकलते हों तो हैण्ड सेनिटाइजर अपने साथ रखें और आवश्यकता अनुसार उसका इस्तेमाल करें , घर के बुजुर्ग,बच्चो एवं गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान दें।

हाँथो की सफाई करने का 6 चरण है

सीधा(अपनी दोनों हाँथो को सीधा कर के धोएं)उल्टा(अपनी दोनों को एक साथ उल्टा कर के धोएं) मुट्ठी (अपनी दोनों मुठ्ठी बंद कर लें और एक साथ रगड़ कर धोएं)

अंगूठा(बारी बारी से दोनों अँगूठा को धोएं) नाखून(दोनों हाँथ के नाखूनों को रगड़ कर धोएं) कलाई(दोनों कलाइयों को बारी बारी से धोएं) इसी तरह से नियमित हाथ धोये और कोरोना को समाप्त करने में सहयोग करे ,स्वस्थ रहे, सुरक्षित रहे।

लॉकडाउन के बीच 28 वें दिन जारी रहा सदर विधायक का सेवा कार्य

परोपकार की भावना लोककल्याण से ही पूर्ण होती है: मनीष

हजारीबाग। कोरोना के वैश्विक महामारी के बीच लॉकडाउन के लगातार 28 वें दिन सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा किए जा रहे का सेवा कार्य नियमित रूप से जारी रहे। उनके द्वारा जहां अपने विधायक कार्यालय परिसर में अधिष्ठापित नमो आहार केंद्र के माध्यम से रविवार को करीब 450 से अधिक जरुरतमंदों को स्वादिष्ट पौष्टिकयुक्त खिचड़ी खिलाकर उनका पेट भरा गया। वहीं विधानसभा क्षेत्र के नगर निगम क्षेत्र और विभिन्न प्रखंडों क्षेत्रों के दर्जनों गांव में करीब 12000 लोगों के बीच नमो चलंत भोजनालय के माध्यम से खिचड़ी परोसा गया और गरीब- गुरबों के थाली तक पंहुचाया गया। इस क्रम में नमो चलंत भोजनालय नगर निगम क्षेत्र के मटवारी भुइयां टोली, बाबूगांव भुइयां टोली, बिरसा टोली, दलित मुहल्ला, कोर्रा भुइयां टोली, जबरा भुइयां टोली, ब्रांबे आवास, खीरगांव, सिरका भुइयां टोली, निमिया टोली, दुशाद मुहल्ला, शबरी नगर, मासीपीढी, घासी टोला, हुड़हुड़ू, सदर प्रखंड के डेंबु बस्ती, सखिया, कानी मुंडवार, बेला मुंडवार, गुडूवा, ओरिया, मेरु, सिंघानी, जुलजूल, दुग्धा, कटकमदाग प्रखंड के कटकमदाग, महूडर, पूर्णाडीह, सुल्ताना, केशवरिया, कटकमसांडी प्रखंड के कठोतिया रविदास मोहल्ला, डाड, बिंड, डाड भुइयां टोली, बरतूआ, सेहदा आदिवासी टोला, डूका और दारू प्रखंड क्षेत्र के पीपचो, सुल्तानी, जबरा पांडेयटोला, इरगा, जिनगा, झुमरा बस्ती सहित अन्य जगहों पर खिचड़ी और मास्क का वितरण किया गया । इधर विगत 11 दिनों से नियमित रूप से सड़कों पर ड्यूटी कर रहे हैं पुलिसकर्मियों के बीच अल्पाहार का वितरण किया गया। राशन कार्ड में छोटे हुए लोगों के सहायता के लिए विशेष सहायता केंद्र के माध्यम से उनका राशन कार्ड ऑनलाइन का कार्य विधायक कार्यालय में किया जा रहा है। कच्चा राशन सामग्री भी जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य जारी है। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि परोपकार की भावना लोककल्याण की भावना से पूर्ण होती है। वे कहते हैं कि अपने लिए तो सभी जीते हैं पर विकट घड़ी में जरूरतमंदों के लिए काम आना सच्चा सुख और आत्मिक सुखद अनुभूति का अहसास कराती है। विधायक श्री जायसवाल ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता कर्मवीर योद्धा के रूप में इस विपत्ति की घड़ी में लोगों के बीच अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं ।

पूर्व सांसद ने जरीडीह के विभिन्न गांवों में किया खाद्यय सामग्री का वितरण

नवप्रदेश संवाददाता

जैनामोड़। लॉक डाउन में कोई भी जरूरतमंद असहाय भूखा ना रहे इसके लिए गिरिडीह लोकसभा के पुर्व सांसद रविंद्र कुमार पाण्डेय के सौजन्य से जरीडीह प्रखंड के विभिन्न गांवों में राशन की सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड के बेलडीह, अराजू, चिलगड्डा, गांगजोरी, अरालडीह पंचायत में राशन सामग्री का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया गया। इस दौरान भाजपा नेता वासुदेव मिश्रा ने कहा कि लंबी अवधि से लॉक डाउन रहने के कारण रोज कमा कर खाने वाले लोगों के समक्ष रोटी का संकट ना पड़े। इसके लिए पूर्व सांसद के सौजन्य से 150 परिवारों के बीच राशन सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुकुंद मुरारी महतो, जगतपति सिंह, अरूप चटर्जी, बलराम रवानी, राजीव रंजन सिंह, मेघनाथ गोस्वामी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

नौकरी

फिजिकल एजुकेशन में करियर : क्या है स्कोप

जानें कोर्स-जॉब से जुड़ी पूरी डीटेल

फिजिकल एजुकेशन में करियर के अच्छे स्कोप है। आप फिजिकल एजुकेशन में कोर्स करने के बाद कई कंपनियों, संस्थानों और स्कूलों के साथ जुड़ सकते हैं। फिजिकल एजुकेशन अब स्कूलों और कॉलेजों में अनिवार्य विषय के रूप में शामिल हो गया है, लेकिन इस फील्ड में करियर बनाने से पहले आपको फिजिकल एजुकेशन में कोर्स करना होगा। यहां हम आपको इस फील्ड से जुड़ी पूरी जानकारी दे रहे हैं।

फिजिकल एजुकेशन कोर्स के लिए योग्यता

फिजिकल एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा कोर्स के लिए आपका किसी भी विषय में 12वीं पास होना जरूरी है। वहीं जिन उम्मीदवारों के पास फिजिकल एजुकेशन में बैचलर डिग्री है वो फिजिकल एजुकेशन में मास्टर डिग्री के लिए आवेदन कर सकते हैं।

यहां से करें कोर्स

फिजिकल एजुकेशन से जुड़े कोर्स देश में कई संस्थान कराते हैं। इसमें इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस (दिल्ली), कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन (पुणे), एमिटी स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस (नोएडा) आदि प्रमुख हैं।

फिजिकल एजुकेशन से जुड़े कोर्स

- सर्टिफिकेट इन फिजिकल एजुकेशन
- डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन
- बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन
- मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन

करियर के विकल्प

फिजिकल एजुकेशन में कोर्स करने के बाद अब स्पोर्ट्स अकेडमी, हेल्थ क्लब, स्कूल, कॉलेज आदि के साथ जुड़ सकते हैं। फिजिकल एजुकेशन कोर्स के बाद आप कई तरह की नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं जैसे-

- शिक्षक
- प्रोफेसर
- स्पोर्ट्स मैनेजर
- फिजिकल ट्रेनर
- कोच

नेवल आर्किटेक्चर

में बनाएं करियर, मिलेगा लाखों का सैलरी पैकेज

बीते सालों में नेवल टेक्नोलॉजी में काफी विकास हुआ है। मरीन नेविगेशन और जहाजरानी की तकनीकों की मदद से जहाजों और समुद्र में चलने वाले पोतों में भी काफी तरक्की हुई है। इन सबकी वजह से कई ऐसी फील्ड्स सामने आई हैं, जो नेवल टेक्नोलॉजी के अध्ययन से जुड़ी है। नेवल आर्किटेक्चर जहाजरानी उद्योग का अखंड हिस्सा है। यह समुद्र में जाने वाले पोतों जैसे जहाजों, नौकाओं, पावरबोट, स्टीमर, टग बोट, मछली पकड़ने वाली नौकाओं, युद्धपोत, क्रूज शिप, आइसब्रेकर और पनडुब्बी तक की डिजाइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ा साइंस और इंजीनियरिंग है। इसके अलावा नेवल आर्किटेक्चर का संबंध समुद्र में वाणिज्यिक और सैन्य, हर तरह की संरचनाओं के डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग के काम से भी है।

योग्यता

- आप इस फील्ड में अंडर ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स कर सकते हैं। नेवल आर्किटेक्चर में ग्रेजुएशन करने के लिए पीसीएम के साथ 12वीं पास होना जरूरी है। सभी विषयों में मिलाकर कम से कम 50 फीसदी नंबर होना चाहिए।
- नेवल आर्किटेक्चर में पोस्ट ग्रेजुएशन करने के लिए सिविल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/मरीन इंजीनियरिंग/नेवल आर्किटेक्चर/नॉटिकल साइंस/शिपबिल्डिंग/एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक पास होना जरूरी है और सभी विषयों में कम से कम 50 फीसदी नंबर होना जरूरी है।

दाखिले की प्रक्रिया और फीस

पसंद के कॉलेज में ग्रेजुएशन कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा पास होना जरूरी है। कुछ प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं इस तरह हैं। मरीन इंजीनियरिंग/अनुसंधान संस्थान प्रवेश परीक्षा, आईआईटीजी, एआईसीईटी और आईएमयूसीईटी। नेवल आर्किटेक्चर में पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स में गेट एग्जाम स्कोर और निजी इंटरव्यू एवं ग्रुप डिस्कशन के आधार पर प्रवेश होता है।

संस्थान

- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर
- एकेडमी ऑफ मैरीटाइम एजुकेशन ऐंड ट्रेनिंग
- इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी, विजाग
- दिल्ली मैरीटाइम एकेडमी
- इंटरनैशनल मैरीटाइम एकेडमी
- स्कूल ऑफ ओशन इंजीनियरिंग, वीईएलएस इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड अडवांस्ड स्टडीज
- आईआईटी मद्रास
- कोचिन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस ऐंड टेक्नोलॉजी
- आंध्र यूनिवर्सिटी, विशाखापट्टनम

सैलरी और जॉब प्रोफाइल

नेवल आर्किटेक्चर की जॉब प्रोफाइल और सालाना औसत सैलरी पैकेज कुछ इस तरह है।

1. मरीन इंजीनियर को 12 लाख रुपए तक सालाना पैकेज मिलता है।
2. शिप ऑपरेटर को 5.46 लाख रुपए तक सालाना।
3. पोर्ट मैनेजर को 2.40 लाख रुपए तक सालाना।
4. क्वॉलिटी सिस्टम्स इंजीनियर को 5.6 लाख रुपए तक सालाना।
5. कोस्टल इंजीनियर को 6.8 लाख रुपए तक सालाना।
6. ओशनोग्राफर को 10.8 लाख रुपए तक सालाना।
7. मरीन सर्वेयर को 5.57 लाख रुपए सालाना तक मिलता है।

AIIMS Delhi में 12वीं पास से लेकर डिग्री धारक भी कर सकते हैं आवेदन, यहां कई पद हैं खाली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली (AIIMS) में कई पदों पर भर्तियां होने जा रही हैं। बता दें कि ये आवेदन साइंटिस्ट बी, मेडिकल सोशल वर्कर, डायटीशियन, फील्ड अटेंडेंट समेत कई पदों पर निकाली गई हैं। इन पदों पर आवेदन से संबंधित पूरी जानकारी के लिए उम्मीदवार को विज्ञापन लिंक के साथ-साथ आवेदन लिंक भी दिए जा रहे हैं। इस नौकरी से संबंधित विस्तृत जानकारी इस प्रकार है।

शैक्षिक योग्यताएं

उम्मीदवार शैक्षिक योग्यता से संबंधित अधिक जानकारी के लिए नोटिफिकेशन देख सकते हैं।

आयु सीमा

इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम 30, 35 एवं 45 वर्ष पद के अनुसार निर्धारित है।

महत्वपूर्ण तिथियां

आवेदन पत्र जमा करने अंतिम तिथि : 05 मई, 2020

पदों का विवरण

पद का नाम	पदों की संख्या
साइंटिस्ट बी	एक पद
सीनियर प्रोजेक्ट रिसर्च ऑफिसर (नॉन-मेडिकल)	एक पद
मेडिकल सोशल वर्कर	दो पद
डायटीशिन	एक पद
फील्ड अटेंडेंट	एक पद
रिसर्च ऑफिसर	एक पद
लैब टेक्नीशियन	एक पद

ऐसे करें आवेदन

उम्मीदवारों को इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। भरे हुए आवेदन पत्र को दी गई ईमेल आईडी rutf2020@gmail.com पर 05 मई तक भेजना होगा। जान लें किसी प्रकार की त्रुटि हो जाने पर आवेदन पत्र मान्य नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए नोटिफिकेशन भेजें।

चयन प्रक्रिया

उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

HPCL HRRL Engineer Recruitment 2020

भर्ती आवेदन की आखिरी तिथि बढ़ी

एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (HRRL) ने इंजीनियर, एचआर, इंफॉर्मेशन सिस्टम, लीगल और फाइनेंस विभाग में 72 पदों की भर्ती के लिए आवेदन की आखिरी तारीख बढ़ाने का फैसला किया है। पहले यह 20 मार्च थी, जिसे बढ़ाकर 24 अप्रैल कर दिया गया था, लेकिन एक बार अब इसे और बढ़ाकर 10 मई कर दिया गया है।

एचपीसीएल एचआरआरएल में आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार अब 10 मई तक hrrl.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

भर्ती विवरण

कुल पदों की संख्या : 72
फाइनेंस में खाली पद : 02
एचआर : 02
इंफॉर्मेशन सिस्टम : 01
लीगल विभाग : 01

शैक्षिक योग्यता

सभी पदों के लिए अलग-अलग शैक्षिक योग्यता है। इंजीनियर के लिए शैक्षिक योग्यता की बात करें तो उम्मीदवार को एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त किसी संस्थान या विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 4 साल का फुल टाइम रेगुलर इंजीनियरिंग कोर्स होना जरूरी है। इसी प्रकार फाइनेंस के लिए सीए कम से कम 50 फीसदी अंकों के साथ और एचआर के लिए संबंधित विषय में एमबीए होना जरूरी है। वहीं इन्फॉर्मेशन सिस्टम के लिए 4 साल का फुल टाइम बीई/बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स में होना जरूरी है।

बीपीएससी भर्ती 2020: प्रोजेक्ट मैनेजर की 69 भर्तियों के लिए आवेदन का एक और अवसर

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) में प्रोजेक्ट मैनेजर के 69 पदों पर भर्तियां करने के लिए आवेदन की प्रक्रिया एक बार फिर से खुलेगी। उम्मीदवार 5 मई से 9 मई के बीच रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। परीक्षा शुल्क 6 मई से 15 मई के बीच फीस भर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन 7 से 22 मई के बीच कर सकेंगे।

महत्वपूर्ण तारीखें

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख : 5 से 9 मई 2020

शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि : 06 से 15 मई 2020

ऑनलाइन आवेदन फॉर्म सब्मिट करने की अंतिम तिथि : 7 से 22 मई 2020

प्रोजेक्ट मैनेजर, कुल पद : 69

(श्रेणियों के अनुसार रिक्तियों का विवरण)

- अनारक्षित : 28 पद
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग : 07 पद
- अनुसूचित जाति : 11 पद
- अनुसूचित जनजाति : 01 पद
- अत्यंत पिछड़ा वर्ग : 12 पद
- पिछड़ा वर्ग : 08 पद
- पिछड़े वर्ग की महिलाएं : 02 पद

योग्यता

- मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी या संस्थान से मेकेनिकल /इलेक्ट्रिकल /सिविल/ मेटलर्जिकल/टेक्सटाइल/केमिकल/कंप्यूटर/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेली कम्युनिकेशन /या इंजीनियरिंग की किसी भी अन्य शाखा में बीई/बीटेक डिग्री हो। या
- कोनॉमिक्स/मैथ्स/स्टेटिस्टिक्स/फिजिक्स/केमिस्ट्री में ऑनर्स डिग्री हो। या
- रेशम टेक्नोलॉजी/प्रबंधन या लेदर टेक्नोलॉजी में बैचलर डिग्री। या
- एमबीए किया हो। या सीए/आईसीडब्ल्यूए की परीक्षा पास हो। या
- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीफार्मा की डिग्री प्राप्त हो।

वेतनमान : 9300 से 34,800 रुपए। ग्रेड-पे 4800 रुपए।

आयु सीमा (पद/ सेवा के अनुसार)

- सामान्य वर्ग के पुरुष उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 21 और अधिकतम 37 वर्ष।
- बिहार के पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़े वर्ग की महिला और अनारक्षित वर्ग की महिलाओं के लिए अधिकतम 40 वर्ष।
- बिहार के एससी और एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा 42 वर्ष होगी।
- आयु का निर्धारण 01 अगस्त 2019 के आधार पर किया जाएगा।

चयन प्रक्रिया

योग्य उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा (प्रारंभिक और मुख्य) और व्यक्तित्व परीक्षण के आधार पर किया जाएगा।

प्रारंभिक परीक्षा का प्रारूप

- यह परीक्षा कुल 150 अंकों की होगी। इसमें तीन भाग होंगे। पहले भाग में भारतीय अर्थशास्त्र एवं उद्योग से 70 अंक, दूसरे भाग में समसामयिक घटनाएं से 40 अंक और तीसरे भाग में मानसिक क्षमता जांच से 40 अंक के प्रश्न पूछे जाएंगे।
- सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। परीक्षा की अवधि दो घंटे और 15 मिनट की होगी।
- परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए चुना जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा के अंक अंतिम चयन सूची में नहीं जोड़े जाएंगे।

मुख्य परीक्षा का प्रारूप

- यह परीक्षा कुल 600 अंकों की होगी। इसमें व्याख्यात्मक प्रकृति के प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें चार प्रश्नपत्र शामिल होंगे। तीन प्रश्नपत्र अनिवार्य होंगे।
- इनमें सामान्य हिंदी (100 अंक), सामान्य अंग्रेजी (100 अंक) और सामान्य ज्ञान (200 अंक) शामिल हैं। प्रत्येक प्रश्नपत्र को हल करने के लिए तीन घंटे का समय मिलेगा।
- चौथा प्रश्नपत्र वैकल्पिक विषय वाला होगा। इसमें अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार विषय के चुनाव करना होगा। यह प्रश्नपत्र भी 200 अंक का होगा। इसके लिए भी तीन घंटे का समय मिलेगा।

व्यक्तित्व परीक्षण

मुख्य परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण में शामिल होने का मौका मिलेगा। यह 100 अंक का होगा।

सूचना

- सभी विषयों के जवाब हिंदी (देवनागरी) या अंग्रेजी में दिए जा सकते हैं।
- प्रारंभिक परीक्षा में पास होना जरूरी है। मुख्य परीक्षा के सामान्य हिंदी और सामान्य अंग्रेजी पेपर में 40 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।
- अंतिम मेधा सूची मुख्य परीक्षा के सामान्य ज्ञान और वैकल्पिक विषय में प्राप्त अंक तथा साक्षात्कार में मिले अंकों के आधार पर तैयार होगी।

आवेदन शुल्क

- बिहार के अनारक्षित/ओबीसी और अन्य राज्यों के उम्मीदवारों के लिए 600 रुपए।
- बिहार के एससी/एसटी, दिव्यांगों और सभी वर्गों की महिलाओं के लिए 150 रुपए। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

आवेदन प्रक्रिया

- ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी करनी होगी। पहले चरण में रजिस्ट्रेशन करना होगा। दूसरे चरण में आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। तीसरे चरण में आवेदन फॉर्म भरना होगा।
- सबसे पहले वेबसाइट (www.bpsc.bih.nic.in) पर लॉगिन करें। यहां होमपेज पर आपको Important Notice, Advertisement and Syllabus for the post of Project Manager in District Industry... लिंक नजर आएगा। इसमें एडवर्टाइजमेंट विकल्प पर क्लिक करें।
- ऐसा करने पर पद से संबंधित विज्ञापन खुल जाएगा। इसे ध्यान से पढ़ें और अपनी योग्यता जांच लें। ऑनलाइन आवेदन के लिए अब होमपेज पर दाईं तरफ मौजूद 'अप्लाई ऑनलाइन' टैब पर क्लिक करें। अब नया वेबपेज खुलेगा।
- यहां दिए गए 'बीपीएससी ऑनलाइन एप्लिकेशन' लिंक पर क्लिक करें। इस तरह से ऑनलाइन से संबंधित वेबपेज खुलेगा। यहां आपको 'ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन' और 'लॉगइन' टैब नजर आएंगे। सबसे पहले 'ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन' टैब पर क्लिक करें। अब आवेदित पद के सामने मौजूद 'अप्लाई ऑनलाइन' बटन पर क्लिक करें।
- ऐसा करने पर रजिस्ट्रेशन पेज खुल जाएगा। यहां विज्ञापन नंबर जांच लें। फिर मांगी गई व्यक्तिगत जानकारियां दर्ज करें। फिर ओटीपी के जरिए ई-मेल और मोबाइल नंबर को वेरिफाई करें। इसके बाद 'सब्मिट रजिस्ट्रेशन फॉर्म' बटन पर क्लिक करें।
- अब आवेदक को एक ई-मेल प्राप्त होगा। इसमें आवेदक का यूजर नेम, पासवर्ड और लॉगइन लिंक होगा। इसके बाद यूजर नेम और पासवर्ड की सहायता से 'लॉगइन' करें।
- आवेदन जिस दिन रजिस्ट्रेशन करेगा, उसके अगले दिन सुबह 11 बजे के बाद आवेदन शुल्क भुगतान के लिए ऑनलाइन लिंक उपलब्ध होगा। श्रेणी के अनुसार शुल्क का भुगतान करें।
- फिर अगले दिन 11 बजे यूजर नेम और पासवर्ड से लॉगइन करें। इससे आवेदन फॉर्म खुल जाएगा। अब यहां शेष जानकारियां दर्ज करें। साथ ही अपनी पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (25 केबी) और सिग्नेचर (15 केबी) स्कैन करके अपलोड करें। ये दोनों फाइल जेपीजी/ जेपीईजी फॉर्मेट में होनी चाहिए।
- इसके बाद पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन को जांचने के लिए 'प्रीव्यू' बटन पर क्लिक करें। अगर फॉर्म में कुछ सुधार करना है तो कर सकते हैं। सभी जानकारियां सही होने पर अंत में 'सब्मिट' बटन पर क्लिक करें।
- इसके बाद आवेदक दोबारा लॉगइन कर यह सुनिश्चित कर लें कि डैशबोर्ड से 'क्लिक फॉर एप्लिकेशन फॉर्म' बटन हट गया हो।
- अब यहां मौजूद 'डाउनलोड फॉर्म' टैब पर क्लिक करें। ऐसा करने पर आपका भरा हुआ फॉर्म डाउनलोड हो जाएगा। इसका प्रिंटआउट निकालकर अपने पास सुरक्षित रख लें।

पब्लिक सर्विस कमीशन ने दिया नौकरी पाने का एक और मौका

आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाई

पंजाब पब्लिक सर्विस कमीशन ने कई पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञप्ति जारी की है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार, जो इस सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे अब 01 जून, 2020 तक ऑफिशियल वेबसाइट के जरिए आवेदन कर सकते हैं। बता दें जो उम्मीदवार आवेदन करने से चूक गए हैं, उनके लिए कमीशन ने आवेदन की अंतिम तारीख को बढ़ाया है। इस नौकरी से संबंधित जानकारी इस प्रकार है-

महत्वपूर्ण तिथि

ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की प्रारंभिक तिथि : 06 मार्च, 2020

ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 01 जून, 2020

ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि : 08 जून, 2020

आयु सीमा

इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों कि न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 37 वर्ष निर्धारित कि गई है।

पदों का विवरण

पद का नाम	पदों की संख्या
फंक्शनल मैनेजर (ग्रुप-बी)	17

शैक्षिक योग्यता

उम्मीदवार किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से इंजीनियरिंग या टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी के किसी भी विषय में डिग्री या इसके समकक्ष होना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए आगे दी गई नोटिफिकेशन देखें।

आवेदन प्रक्रिया

इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट ppsc.gov.in/ के माध्यम से अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ध्यान रहें किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदन पत्र निरस्त किए जा सकते हैं। ध्यान रहें की आवेदन पत्र भरते समय किसी प्रकार कि त्रुटि न हो।

चयन प्रक्रिया

उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

इंसान में सहन शीलता को बढ़ाता माह-ए-रमजान

इसी दिन अल्लाह ने अपने बन्दों को फ़कुरान शरीफ से नवाज़ा था, मुस्लिम परिवार का छोटे से बड़ा सदस्य पूरी शिद्दत से निभाता यह त्यौहार

भारत में कई संस्कृतियों का मैल हैं. सभी संस्कृतियों की अपनी मान्यतायें हैं लेकिन सभी का मकसद प्रेम और करुणा ही हैं. बस निभाने का तरीका अलग-अलग हैं, इसलिए भारत में कई त्यौहार मनायें जाते हैं. कई नव वर्ष हमारे देश में मनाये जाते हैं साथ ही एक से अधिक कैलंडर भी हमारे देश में होते हैं. सभी धर्मो के अपने अलग महीने होते हैं, उसमे कई परंपरायें सम्मिलित होती हैं. कई मान्यतायें भी शामिल होती हैं लेकिन सभी का उद्देश्य खुशी औए एकता होता हैं. ऐसे ही रमज़ान का अपना एक महत्व होता हैं, जो इस्लामिक देशो में बड़े जोरो शोरो ने मनाया जाता हैं. भारत में भी मुस्लिम सभ्यता हैं. यहाँ भी रमज़ान बड़े उत्साह से मनाया जाता हैं।



क्या हैं रमज़ान का महिना

यह मुस्लिम संस्कृति का एक बहुत ही महान महिना होता है, जिसके नियम बहुत कठिन होते है, जो इंसान में सहन शीलता को बढ़ाते है. रमज़ान का महिना बहुत ही पवित्र माना जाता है, यह इस्लामिक केलेंडर के नौवे महीने में आता है. मुस्लिम धर्म में चाँद का अत्याधिक महत्व होता है. इस्लामिक कैलेंडर में चाँद के अनुसार महीने के दिन गाने गाये जाते है, जो कि 30 या 29 होते है, इस तरह 10 दिन कम होते जाते है जिससे रमज़ान का महिना भी अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक प्रति वर्ष 10 दिन पहले आता है. रमज़ान के महीने को बहुत ही पावन माना जाता है. रमज़ान अपने कठोर नियमो के लिए पूरे विश्व में माना जाता है. रमज़ानके दिनों की चमक देखते ही बनती है. पूरा महिना मुस्लिम इलाको में चमक- दमक एवम शोर शराबा रहता है. सभी आपस में प्रेम से मिलते है. गिले शिकवे भुलाकर सभी एक दुसरे को अपना भाई मानकर रमज़ान का महिना मनाते है।

महिलाओं के प्रति अच्छी भावना :

रमज़ान के पुरे महीने सेक्स की भी स्वतंत्रता नहीं रहती. अपनी पत्नी को भी वासना की दृष्टि से देखना गलत माना जाता हैं और पराई को तो देखना एवम छूना निहायती बुरा समझा जाता हैं.

नेकी का रास्ता दिखाया जाता हैं ;

रमज़ान में दान का महत्व है, जिसे ज़कात कहते हैं. सभी को अपनी श्रद्धा एवम स्थिती अनुसार नेक कार्य करना होता हैं. रोजाना किये जाने वाले नेक कार्यों को बढ़ाने को कहा जाता हैं.

अस्तगफर करे :

रमज़ान में लोगो को उनके गुनाह मानने को कहा जाता है, जिससे वे अपनी गलतियों के लिए क्षमा मांग सके. जिससे उसके दिल का भार कम होता है, अगर वो अपनी गलती की तौबा करता है, तो उसे उसका अहसास होता है और वो आगे से ऐसा नही करता.

जन्नत की दुआ : रमज़ान में लोग जन्नत की दुआ करते है, जिसे जन्नतुल फिरदौस की दुआ करना कहा जाता है, इसे जन्नत का सबसे ऊँचा स्थान माना जाता है.

रोज़ा की छुट : मुस्लिम परिवार में हर एक व्यक्ति रमज़ान में रोज़ा रखता है, लेकिन कुछ विशेष कारणों के कारण छुट भी दी जाती है. लेकिन शायद यह छुट सभी देशों में नहीं मानी जाती. पाँच साल से छोटे बच्चे को रोज़ा की मनाही होती हैं. बहुत बुजुर्ग को भी रोज़ा में छुट मिलती हैं. अगर कोई बीमार है, तो रोज़ा खोल सकता हैं. गर्भवती अथवा बच्चे को दूध पिलाने वाली महिला को रोज़े की मनाही होती हैं।

रमजान का इतिहास

इस पाक महीने को शब-ए-कद्र कहा जाता है. मान्यता यह है कि इसी दिन अल्लाह ने अपने बन्दो को फ़कुरान शरीफ़ से नवाज़ा था. इसलिए इस महीने को पवित्र माना जाता है और अल्लाह के लिए रोज़ा अदा किया जाता है, जिसे मुस्लिम परिवार का छोटे से बड़ा सदस्य पूरी शिद्दत से निभाता है.

कैसे किया जाता हैं रमज़ान में रोज़ा ?

रमज़ान में रोज़ा किया जाता है जिसे अल्लाह की इबादत कहते है. रोज़ा करने के नियम होते है.

सहरी: सहरी का बहुत महत्व होता है, इसके लिए सुबह सूरज निकलने के डेढ़ घंटे पहले उठना होता है और कुछ खाने के बाद ही रोजा शुरू होता है. इसके बाद पूरा दिन कुछ खा या पी नहीं सकते.

इफ़्तार: शाम को सूरज डूबने के बाद कुछ समय का अंतराल रखते हुए रोजा खोला जाता है. जिसका समय निश्चित होता है.

तरावीह: रात को एक निश्चित समय पर तरावीह की नमाज अदा की जाती है, यह समय लगभग 9 बजे का होता है. साथ ही मज़िदो में कुरान पढ़ी जाती है. ऐसा पुरे रमज़ान होता है इसके बाद चाँद के अनुसार 29 या 30 दिन बाद ईद का जश्न मनाया जाता है.

रमज़ान के नियम

रमज़ान के नियम बहुत ही कठिन होते है. कहा जाता है इससे इंसान और अल्लाह के बीच की दूरी कम होती है. इन्सान में धर्म के प्रति भावना बढ़ती है, साथ ही अल्लाह पर विश्वास पक्का होता है. रमज़ान में एकता की भावना बढ़ती है.

अल्लाह का नाम लेना, कलाम पढ़ना :

रमज़ान में रोजा रखा जाता है, जिसमे अल्लाह का नाम लिया जाता है. नमाज अदा की जाती है, साथ ही कलाम भी पढ़ा जाता है.

गलत आदतों से दूर रहे :

रमज़ान के पूरे महीने गलत आदतों से दूर रहने की हिदायत दी जाती है, जिसके लिए खास निगरानी भी रखी जाती है. किसी भी तरह के नशे से दूर रहने की सख्ती की जाती है. यहाँ तक कि गलत देखने, सुनने एवम बोलने तक की मनाही की जाती है. शराब एवम अन्य किसी नशे की मनाही रहती है.

मारा कुटी करना भी गलत माना जाता हैं :

रमज़ान के दिनों में किसी भी तरह की लड़ाई को गलत माना जाता है. हाथ पैर का गलत इस्तेमाल रमज़ान के नियमो का उलंघन है. यहाँ तक की किसी लड़ाई को देखना भी गलत समझा जाता है।

रमज़ान के महीने का महत्व

रमजान लोगो में प्रेम और अल्लाह के प्रति विश्वास को जगाने के लिए मनाया जाता है. साथ ही धार्मिक रीति से लोगो को गलत कार्यो से दूर रखा जाता है, साथ ही दान का विशेष महत्व होता है. जिसे जकात कहा जाता है. गरीबो में जकात देना जरूरी होता है. साथ ही ईद के दिन फितरी दी जाती है यह भी एक तरह का दान होती है।

रमजान में कुरान शरीफ की तिलावत, रमज़ान में गरीबों का हक

अल्लाह पाक ने सारी आसमानी किताबें रमज़ान के महीने में ही उतारी। कुरान पाक लौहे महफूज़ से दुनिया वाले आसमान पर पूरा का पूरा इसी महीने में उतारा गया और वहां से 23 साल में हालात के हिसाब से थोड़ा-थोड़ा नाजिल किया गया। हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम के सहीफे इसी महीने की 3 तारीख को उतारे गए।

हजरत दाऊद अलैहिस्सालम को ज़ुबूर (कुरान जैसी किताब) 18 या 21 रमजान को मिली और हजरत मूसा अलैहिस्सलाम को तौरेत 6 रमजान को अता हुई और हजरत ईसा अलैहिस्सलाम को इन्जील 12 या 13 रमज़ान के मिली। तो सोचने वाली बात है कि अल्लाह को रमज़ान का महीना कितना पसंद होगा कि बड़े-बड़े काम इसी महीने के किए। इसलिए हम भी इसकी एहमियत को समझें और अल्लाह की इबादत करके इसका पूरा फायदा उठाए। सभी आसमानी किताबें जिसमें कुरान शरीफ भी शामिल है, रमज़ान के पाक महीने मे उतारी गई। हजरत जिबराइल अलैहिस्सलाम हर साल रमजान मे पूरा कुरान हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहू अलैहिवसल्लम को सुनाते थे। इससे ये समझ मे आता है कि इस महीने मे कुरान शरीफ पढ़ने, सुनने-सुनाने की कितनी एहमियत और सवाब है। इस महीने में कम से कम 1 कुरान शरीफपूरा पढ़े।

हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहू अलैहीवसल्लम ने फरमाया- रमज़ान सब्र का महीना है यानी रोज़ा रखने मे कुछ तकलीफहो तो इस बर्दाश्त करें। फिर आपने कहा कि रमजान गम बांटने का महीना है। यानी गरीबों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। अगर 10 चीजें अपने रोजा इफ्तार के लिए लाए है तो 2-4 गरीबो के लिए भी लाए। असल तो ये है कि अपने से अच्छा गरीबो के लिए न ला पाए तो कम से कम अपने जैसा ही ले पाए। अपने इफ्तार व सहर के खाने में गरीबो का भी ध्यान रखे। अगर आपका पड़ोसी गरीब है तो उसका खासतौर पर ध्यान रखे कि कही ऐसा न हो कि हम तो खूब पेट भर कर खा रहे है और हमारा पड़ोसी थोड़ा खाकर सो रहा है।

आपातकाल में सृजन का महत्व



तबस्सुम परवीन

सृजन एक मानसिक प्रक्रिया है, जिसमें एक मान्यता यह भी है कि सृजन के फल में मौलिकता एंव सम्यकता दोनों विद्यमान होते हैं। सृजन में होना चाहिए शक्ति का प्रवाह - आज कल समझाया जाता है कि जीवन में सृजनात्मक बने रहे। हम अगर सृजनात्मक न रहे तो बेहद परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जैसे कि अभी वर्तमान का ही उदाहरण लीजिए। कोरोना वायरस की आपातकालीन परिस्थिति आ पहुंची है। और देखा जाए तो पुरा विश्व ही परेशानी का सामना कर रहा है।



हमारे देश में प्रधानमंत्री द्वारा लाई गई योजना गरीबों के हित में कारगर साबित हो रही है। इससे काफी सहायता हो रही है। कम से कम इस विपदा में लोग भूख के शिकार तो नहीं हो रहे हैं। क्योंकि प्रशासन ने गरीब स्तर के लोगों के लिए पहले से ही योजना तैयार कर ली थी। यकीनन अगर ये योजना नहीं होती तो हमारे देश में कोरोना के साथ साथ भुखमरी की भी आपातकालीन परिस्थिति आ कर खड़ी हो जाती। हमारे देश में समस्या और गहराती चली जाती।

इससे यही साबित होता है हमारे देश को या हर एक आम आदमी को सृजनात्मक होना बहुत जरूरी है। अगर हम सभी सृजनात्मक हो तो किसी भी परेशानी में हम खुद के साथ औरो की भी सहायता कर सकते हैं। अर्थात सृजन हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। मेरा मानना है अगर ये शक्ति हमारे पास है तो निश्चित रूप से हम हर विपदा में महानायक साबित हो सकते हैं। इसके साथ ही हमें आपातकाल से मिल चुके सबक को याद भी याद रखना होगा।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था जब भी मैं निराश होता हूं तब इतिहास के पन्नों को पलट कर सत्य और प्रेम की जीत को दोहराने वाले तथ्यों का स्मरण करता हूं। इतिहास के पन्नों पर आततायी भी रहे हैं और कुछ क्षण के लिए वो अजेय भी दिखे लेकिन अंत में उनका खात्मा हुआ है। जीत हमेशा सत्य की हुई है। मेरे दिष्टिकोण से यही लगता है कि हमें अपने कटू अनुभवों से सीख लेने की आवश्यकता है ताकि हमारा भारत देश नए भारत के सपने को साकार कर सके।

(लेखक अम्बिकापुर से है और उनके निजी विचार हैं)

बिहार

11 मरीजों ने कोरोना से जीती जंग, दूसरी रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद अस्पताल से मिली छुट्टी

पटना। बिहार के 11 मरीजों ने कोरोनावायरस से जंग जीत ली है। दूसरी रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। डॉक्टरों के आदेश के मुताबिक सभी को अगले 14 दिनों तक क्वारैंटाइन में रहना होगा। एनएमसीएच के नोडल पदाधिकारी अजय कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि की है।

जिन लोगों को अस्पताल से छुट्टी मिली है उसमें पांच मरीज मुंगेर, तीन नालंदा, एक बक्सर, एक भोजपुर और एक नवादा के रहने वाले हैं। दस मरीज पटना के एनएमसीएच में भर्ती थे और नवादा की रहने वाली मरीज सदर अस्पताल में भर्ती थी।

नवादा- तीन में से दो मरीज ठीक

नवादा की एक और मरीज ठीक हो गई। दूसरी रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा ने उसे संक्रमणमुक्त होने का प्रमाण पत्र दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से लड़की कोरोना पॉजिटिव हो गई थी। नवादा में अब कोरोना का एक केस बचा है।

जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा ने कोरोना से जंग जीतने वाली लड़की को संक्रमणमुक्त होने का प्रमाण पत्र दिया।

कोरोना के 56 मरीज ठीक हुए, 197 केस एक्टिव

बिहार में अब तक कोरोना के 259 मरीजों की पुष्टि हुई है। इसमें 56 लोग स्वस्थ हो गए। अब तक दो मरीजों की मौत हुई है। 201 केस एक्टिव हैं।

बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता, गेहूं और लीची की फसल को भारी क्षति

पटना। लॉकडाउन की वजह से पहले ही परेशान चल रहे किसानों के लिए बेमौसम बरसात ने दोहरी मुसीबत खड़ी कर दी है। रविवार को पटना, आरा, छपरा, बक्सर, मुजफ्फरपुर, सीवान सहित कई जिलों में जोरदार बारिश हुई। इससे गेहूं और लीची की फसल को भारी नुकसान हुआ है।

ये तस्वीर तारामंडल के पास बेली रोड की है जहां बारिश की वजह से जलजमाव जैसी स्थिति बन गई।

लॉकडाउन के कारण ज्यादातर किसान अपनी फसल नहीं बेच पा रहे और कई किसानों को फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। किसाने औने पौने दाम में सब्जियां बेचने को मजबूर हैं। कई जिलों में गेहूं की कटनी तो हो चुकी है, लेकिन बिक्री नहीं हुई है। बारिश की वजह से खेतों में पड़े गेहूं सड़ रहे हैं। बारिश की वजह से लीची का फसल भी काफी प्रभावित हुआ है। लीची अगर छोटी रह गई तो किसानों को इसका भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। रविवार सुबह करीब तीन घंटे तक हुई जोरदार बारिश की वजह से पटना के ज्यादातर इलाकों में जलजमाव जैसी स्थिति बन गई। बेली रोड स्थित पंत भवन के अंदर पानी भर गया। पटना स्टेशन और गांधी मैदान के पास भी पानी जम गया। मौसम विभाग ने 30 अप्रैल तक बिहार के सभी जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के साथ ही अरब सागर से चलने वाली हवाओं में काफी नमी है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तरखंड में पिछले एक सप्ताह से बारिश और बर्फबारी हो रही है। इसका असर बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश पर पड़ रहा है।

कोरोना लॉकडाउन के दौरान यूएस का वीडियो कॉलिंग एप Zoom काफी तेजी से पॉप्युलर हुआ है। बड़ी संख्या में लोग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और स्टूडेंट्स ऑनलाइन क्लासेस के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं, गूगल का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग टूल Google Meet भी जूम एप को टक्कर देने की पूरी कोशिश कर रहा है। यही वजह है कि कंपनी ने गूगल मीट में जूम एप जैसा ले-आउट, लो-लाइट मोड और नॉइस कैंसिलेशन जैसे कई नए फीचर्स जोड़ दिए हैं। तो आइए जानते हैं किस तरह जूम एप को टक्कर दे रहा गूगल मीट-

Google Meet में कई धांसू फीचर्स, यूं Zoom एप को दे रहा टक्कर

ऐसे बढ़ रहा यूजर बेस

दोनों ही एप्स के यूजर बेस में पिछले दिनों काफी बढ़ोतरी हुई है। जनवरी से गूगल मीट का इस्तेमाल 25 फीसदी बढ़ गया है। वहीं दिसंबर 2019 में 1 करोड़ यूजर वाले जूम एप के अप्रैल 2020 में 30 करोड़ यूजर्स हो गए। हालांकि पिछले दिनों जूम एप पर डेटा लीक के आरोप भी लगे हैं। भारत सरकार ने भी कहा है कि जूम एप को इस्तेमाल करना सेफ नहीं है। ऐसे में Google Meet को जूम एप को टक्कर देने का मौका मिल गया है।

100 लोग कर सकते हैं वीडियो कॉलिंग

कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान जूम एप में एकसाथ सिर्फ 49 यूजर्स जोड़े जा सकते हैं। वहीं गूगल मीट में एक साथ 100 लोग ग्रुप कॉलिंग कर सकते हैं। इसके अलावा गूगल ने जूम ऐप जैसा ले-आउट भी जारी किया है, जिसमें एक बार में 16 लोग स्क्रीन पर दिखाई देते हैं।

बेहतर वीडियो-क्वॉलिटी

गूगल मीट लगातार अपनी वीडियो क्वॉलिटी को इंप्रूव कर रहा है। वहीं जूम एप अपने सिक्यॉरिटी फीचर्स ठीक करने में लगा है। गूगल मीट में नॉइस कैंसिलेशन का फीचर भी आ गया है। यह बोलने वाले और सुनने वाले दोनों तरफ के शोर को कम करता है।

लो-लाइट मोड

गूगल मीट में लो-लाइट मोड भी आ गया है। यह कम रोशनी में विजिबिलिटी को बेहतर बनाता है। फिलहाल यह फीचर सिर्फ मोबाइल यूजर को मिला है। इसे जल्द ही वेब यूजर्स के लिए भी जारी किया जाएगा। वहीं, नए अपडेट के बाद अब सीधे जीमेल से ही यूजर्स गूगल मीट का इस्तेमाल कर पाएंगे।

Zoom एप में भी आ रहे ये धांसू फीचर, जानें क्या है खास

कोरोना वायरस के चलते हुए लॉकडाउन में सबसे ज्यादा फायदा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एप जूम को हुआ है। कई विवादों में घिरने के बाद भी इस एप की पॉप्युलैरिटी बढ़ती जा रही है। अगर आप भी आजकल जूम एप का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो आपको यहां इस ऐप के कुछ नए फीचर्स के बारे में बता रहे हैं। जूम एप के ये फीचर आपके एक्सपीरियंस को और बेहतर बना देंगे।

मीटिंग डेटा होगा सिक्यॉर

एक नए ब्लॉग पोस्ट के मुताबिक जूम AES-256 Bit GCM एन्क्रिप्शन स्टौंडर्ड पर अपग्रेड होने वाला है। इससे यूजर्स का मीटिंग डेटा पहले से काफी ज्यादा सेफ हो जाएगा। उम्मीद है कि यह अपग्रेडेशन अगले हफ्ते पूरा हो जाएगा।

आसानी से ऐक्सेस होंगे सिक्यॉरिटी फीचर

सिक्यॉरिटी फीचर्स तक आसानी से पहुंचने के लिए कंपनी ने मीटिंग बार मेन्यू में सिक्यॉरिटी आइकन उपलब्ध करा दिया है।

कठिन पासवर्ड्स के बढ़ेगी सिक्यॉरिटी

क्लाउड रिकॉर्डिंग्स का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स के लिए कंपनी ने कॉम्प्लेक्स पास वर्ड्स की शुरुआत की है।

मीटिंग आईडी शेयरिंग में हुआ बदलाव

कंपनी ने जूम इंटरफेस से मीटिंग आईडी और इन्वाइट ऑप्शन को हटा दिया है। अब इन ऑप्शन को पार्टिसिपेंट्स मेन्यू में देखा जा सकता है। इस बदलाव के कारण यूजर्स गलती से भी अपनी मीटिंग आईडी को शेयर नहीं कर पाएंगे।

कंपनियों के लिए मीटिंग और चैट्स का नया फीचर

जूम के नए वर्जन से कंपनियों को अलग-अलग अकाउंट्स के कॉन्टैक्ट्स को लिंक करने की सहूलियत मिलेगी। इसके जरिए यूजर मीटिंग, चैट और फोन कॉन्टैक्ट्स को बेहतर सेफ्टी के साथ सर्च कर सकेंगे।

अनचाहे यूजर्स को रिपोर्ट करना हुआ आसान

जूम के नए वर्जन में गलत यूजर को सिक्यॉरिटी आइकन से रिपोर्ट किया जा सकेगा। इसके साथ ही अब मेंबर्स खुद को रीनेम भी नहीं कर पाएंगे।

जूम डैशबोर्ड में नए फीचर्स की एंट्री

कंपनी ने कहा है कि अब एडमिन जूम डैशबोर्ड बोर्ड से जरिए यह देख सकेंगे कि कैसे उनकी मीटिंग जूम डेटा सेंटर से कनेक्ट है।

चैट नोटिफिकेशन को बेहतर ढंग से करें मैनेज

जूम यूजर्स को अब चैट नोटिफिकेशन्स में चैट्स की बातें नहीं दिखेंगी।

30 करोड़ से ज्यादा यूजर्स

प्रिवेसी और सिक्यॉरिटी मसलों के बावजूद जूम एप के यूजर्स में तेजी से इजाफा हुआ है। 21 अप्रैल को 30 करोड़ से ज्यादा यूजर्स ने इस एप का इस्तेमाल किया।

जूम एप को टक्कर देने आ रहा देसी 'से-नमस्ते'

ऐसे करें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की दुनिया में 'जूम' को टक्कर देने एक और नया एप आ रहा है। मुंबई की वेब ऐप्लिकेशन और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनी 'इन्क्रिप्ट' ने 'से-नमस्ते' नाम का नया एप पेश किया है, जो 'जूम' की तरह ही मुफ्त में 'मीटिंग लिंक' बनाने और उसे अन्य सदस्यों के साथ साझा कर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करने की सुविधा देता है। गूगल प्ले और आईओएस स्टोर पर यह एप इस सप्ताहांत तक उपलब्ध करा दिया जाएगा। 'से-नमस्ते' पर एक साथ कितने लोगों से ग्रुप वीडियो कॉल की जा सकेगी, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हुआ है।

हैकर्स का आसान हथियार जूम

- जूम अमेरिकी वीडियो कॉल एप है, जो संक्रमण की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन में 'वर्क फ्रॉम होम' में बड़े पैमाने पर प्रयोग हो रहा था।
- निजता-सुरक्षा जैसी चिंताओं पर देश में सरकारी कामकाज में प्रयोग पर रोक लगी, गूगल, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक जैसे संस्थानों ने भी बैन किया।

सरकार ने नहीं किया निर्माण

कंपनी ने स्पष्ट किया कि 'से-नमस्ते' के निर्माण में सरकार की कोई भूमिका नहीं है। वह इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के 'इनोवेशन चैलेंज' में जरूर हिस्सा लेगी, जिसके तहत विजेता स्टार्टअप को उत्पाद के आधिकारिक इस्तेमाल की पेशकश करने के लिए एक करोड़ का इनाम दिया जाएगा।

निर्माताओं को लंबा अनुभव

इन्क्रिप्ट के सीईओ और सह-संस्थापक अनुज गर्ग पहले कॉमेटचैट नाम का बेहद सफल चैट एप बना चुके हैं, जो कई सुविधाएं देता है।

कनेक्टिविटी में दिक्कत संभव

निर्माताओं ने साफ किया है कि 'से-नमस्ते' का बीटा संस्करण लॉन्च किया गया है। ऐसे में संभव है कि यूजर को कनेक्टिविटी से जुड़ी समस्याओं से जूझना पड़े। कुछ मामलों में सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी उभर सकती हैं। एनक्रिप्शन टूल और क्रिप्टोग्राफी-की के जरिए इसे साइबर हमले से सुरक्षित बनाने की कवायदें तेज हैं।

सिर्फ ऑडियो कॉल भी मुमकिन

मोबाइल एप में मौजूद 'टॉगल' विकल्प पर टैप कर 'फ्रंट' से 'रियर' कैमरा पर जाने की सुविधा मिलेगी। यूजर चाहे तो अपना फोन या वेब कैमरा ऑफ कर सिर्फ ऑडियो कॉल के जरिए मीटिंग से जुड़ सकेगा

ऐसे करें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

- www.saynamanste.in वेबसाइट/एप पर जाकर 'क्रिएट न्यू मीटिंग' विकल्प पर क्लिक करें।
- 'ऐड योर नेम' में अपना नाम डालने पर आपको मीटिंग का यूआरएल, आईडी और कोड मिलेगा।
- अब उपरोक्त जानकारी को कॉपी कर उन लोगों को भेजें, जिनके साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करनी है।
- एप में 'होस्ट' ही नहीं, मीटिंग का ब्योरा रखने वाले कोई भी व्यक्ति नए सदस्यों को आमंत्रित कर सकता है।

लॉन्च से पहले ही हुआ लोकप्रिय

- 25 कॉलर अभी जुड़ सकते हैं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में, भविष्य में यह संख्या 100 करने की योजना।
- 05 लाख के पार हुई 'से-नमस्ते' के यूजर की संख्या बीटा वर्जन लॉन्च होने के कुछ दिनों में
- 50 सॉफ्टवेयर डेवलपर की टीम ने लॉकडाउन में दो दिन की कड़ी मशक्कत से तैयार किया एप।

फोन पर आने वाले नोटिफिकेशंस से परेशान हैं? ऐसे पाएं छुटकारा

स्मार्टफोन्स में अब कॉलिंग, टेक्स्टिंग, शेड्यूल क्रिएट करने और कोई नोट सेव करने जैसे ढेरों काम यूजर्स करते हैं। एंड्रॉयड स्मार्टफोन्स में मिलने वाले ढेर सारे स्टोरेज स्पेस के चलते ढेरों एप्स इंस्टॉल किए जा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर से ढेरों एप्स तो इंस्टॉल किए जा सकते हैं, लेकिन इनके नोटिफिकेशंस से यूजर्स को अक्सर परेशान होते देखा गया है। खास बात यह है कि अब ज्यादातर एप्स के नोटिफिकेशंस नेटिव एपीआई के हिसाब से स्ट्रीमलाइन किए जा सकते हैं। किसी एप का ऑडियो-विजुअल बिहेवियर भी बदला जा सकता है, लेकिन बहुत कम यूजर्स जानते हैं कि इसे कैसे इस्तेमाल करना है। इस तरह नोटिफिकेशन चैनल सिर्फ वॉट्सएप के लिए ही नहीं, बाकी एप्स के लिए भी मैनेज किया जा सकता है।

सेटिंग्स में मिलता है ऑप्शन

नोटिफिकेशन फीचर एंड्रॉयड 8 ओरियो और इसके बाद वाले ओएस में मिलता है। यूजर्स सभी एप्स के लिए एक ही जगह से नोटिफिकेशंस को मैनेज कर सकें, इसलिए एंड्रॉयड सेटिंग्स में यह पार्ट भी ऐड किया गया है। दरअसल, वॉट्सएप और ऐसे सभी एप्स के नोटिफिकेशंस इसकी मदद से कंट्रोल किए जा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले आपको एंड्रॉयड स्मार्टफोन का एप ड्रॉर ओपन करना होगा और एप की सेटिंग्स में जाना होगा। सेटिंग्स में नोटिफिकेशंस का ऑप्शन आपको दिख जाएगा। इस पर टैप करने के बाद आप नोटिफिकेशन चैनल्स को क्रिएट और मैनेज कर सकेंगे।

ऐसे पाएं नोटिफिकेशंस पर फुल कंट्रोल

नोटिफिकेशन सेटिंग्स में आपको फेलियर नोटिफिकेशंस, मैसेज नोटिफिकेशंस, क्रिटिकल एप अलर्ट्स, मीडिया प्लेबैक, ग्रुप नोटिफिकेशंस और अदर्स जैसे ऑप्शंस दिखेंगे। आप जिस नोटिफिकेशन को एडिट करना चाहते हैं, उस पर टैप करें और अपनी जरूरत के हिसाब से सेटिंग्स को चेंज कर लें। आप हाइड एप बार से भी ऐसा कर सकते हैं। अलग-अलग ऑडियो टोन्स सेट करने के लिए आपको साउंड पर टैप करना होगा। आप इसी पैनल से लॉक-स्क्रीन नोटिफिकेशंस भी इनेबल कर सकते हैं। इस तरह वॉट्सएप के नोटिफिकेशंस कस्टमाइज किए जा सकते हैं और इन पर फुल कंट्रोल मिलता है।

फोन और कंप्यूटर पर दो क्लिक से पाएं हिंदी टाइपिंग

फोन या कंप्यूटर पर हिंदी भाषा में टाइप करने के लिए ऑनलाइन दुनिया में कई एप्लीकेशन और सॉफ्टवेयर मौजूद हैं। कई लोग हिंदी में टाइप करने के लिए बड़े साइज के एप डाउनलोड कर लेते हैं, जो काफी अधिक मात्रा में फोन की इंटरनल मेमोरी का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि कंप्यूटर और फोन में पहले से ही हिंदी की-बोर्ड का फीचर इनबिल्ट है। बस इसे सेटिंग्स में जाकर ऑन करने की जरूरत होती है।

स्मार्टफोन में पाएं हिंदी की-बोर्ड

गूगल के एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलने वाले अधिकतर फोन में गूगल की-बोर्ड पहले ही इंस्टॉल रहता है और इसी की-बोर्ड में हिंदी की-बोर्ड भी इनबिल्ट होता है। इस एप में इसके अलावा भी विश्व की कई भाषाएं शामिल हैं। इसके बावजूद कई यूजर हिंदी टाइपिंग के लिए अलग-अलग एप्लीकेशन को फोन में इंस्टॉल करते हैं।

ऐसे एक्टिवेट करें फोन में हिंदी टाइपिंग

इसके लिए सबसे पहले जिस फोन में हिंदी टाइपिंग करना चाहते हैं, उसमें कोई मैसेज खोलें। इसके बाद जो टाइपिंग का विकल्प दिया गया है, जिसमें की-बोर्ड के ऊपर या नीचे की तरफ एक ग्लोब का आइकन दिया होगा, उस पर क्लिक कर दें। इस पर क्लिक करते ही फोन स्क्रीन पर हिंदी समेत कई विकल्प आ जाएंगे, उनमें हिंदी का चुनाव करें। ऐसा करने के बाद यूजर हिंदी टाइपिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। हिंदी से दोबारा अंग्रेजी करने के लिए इसी प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं।

ग्लोब का आइकन न आने पर

जी-बोर्ड बदलने के लिए अगर फोन में ग्लोब का आइकन नहीं आ रहा है तो सेटिंग में जाएं, उसमें मौजूद 'लैंग्वेज एंड इनपुट'(Language & Input) के विकल्प पर क्लिक करें। इसमें आपको की-बोर्ड और इनपुट मेथेड (Keyboard & Input method) के नीचे 'डिफॉल्ट' लिखा दिखाई देगा। 'डिफॉल्ट' में उस एप का नाम आएगा, जो आपके फोन में वर्तमान समय में काम कर रहा है। हिंदी की-बोर्ड का फीचर एक्टिवेट करने के लिए याद रहे कि डिफॉल्ट में गूगल की-बोर्ड सेट हो। डिफॉल्ट के नीचे गूगल की-बोर्ड (Google keyboard) दिखाई देगा। उस विकल्प के दाईं ओर टच करने पर एक नई डिस्प्ले खुलेगी, जिसके ऊपर गूगल की-बोर्ड सेटिंग (Google keyboard Setting) लिखा मिलेगा। इसके बाद 'लैंग्वेज' वाले बॉक्स पर क्लिक करते ही एक बॉक्स खुलेगा। पहले बॉक्स में 'मार्क' लगा हुआ दिखाई देगा, मगर उस बॉक्स से मार्क हटा दें। ऐसा करने से आपकी डिस्प्ले पर विश्व की अधिकतर भाषाओं का विकल्प दिखने लगेगा। हिंदी की-बोर्ड को चालू करने के लिए नीचे की तरफ जाने पर हिंदी (Hindi) का विकल्प दिखेगा, उसके दाईं ओर दिए गए बॉक्स पर क्लिक करें। इसके साथ ही अंग्रेजी (भारत) वाले बॉक्स पर क्लिक रहने दें, ताकि आप हिंदी और अंग्रेजी टाइपिंग का इस्तेमाल कर सकें। इसके बाद फोन के की-बोर्ड में हिंदी और अंग्रेजी दोनों विकल्प आ जाएंगे।

विंडोज 7 में ऐसे चालू करें हिंदी टाइपिंग

विंडोज में हिंदी की-बोर्ड को ऑन करने के लिए यूजर को पहले कंप्यूटर या लैपटॉप के 'कंप्यूटर पैनल' में जाना होगा। कंप्यूटर पैनल में जाने के लिए डिस्प्ले में बाईं ओर स्टार्ट का विकल्प पर क्लिक करें। इससे जो नया मेन्यू बार खुलेगा, उसमें काली पट्टी के अंदर 'कंप्यूटर पैनल' का विकल्प मिलेगा। कंप्यूटर पैनल खुलने के बाद यूजर को Region and Language के विकल्प पर जाना होगा। यहां आपको ऊपर वाली पट्टी में चार नए बार दिखाई देंगे। पहले बार पर फॉर्मेट, दूसरे पर लोकेशन, तीसरे पर की-बोर्ड और चौथे पर लैंग्वेंज एंड एडमिनस्ट्रेटव का विकल्प है। हिंदी की-बोर्ड पाने के लिए तीसरे नंबर के विकल्प 'की-बोर्ड' पर क्लिक करें। इसके बाद चेंज कीबोर्ड पर क्लिक करें। इसके बाद एक और स्क्रीन बार खुलेगा, जिसमें 'जनरल' पर क्लिक करना होगा। यहां जाने के बाद हिंदी (इंडिया) के विकल्प पर जाएं। इसमें आपके 'देवनागरी- इनक्रिप्ट' और 'हिंदी ट्रेडिशनल' के बॉक्स दिखाई देंगे। इनमें से किसी भी एक का चयन करें और 'एप्लाई'पर क्लिक कर दें। इससे कंप्यूटर में हिंदी की-बोर्ड का फीचर आ जाएगा। इसके लिए अलग फॉन्ट की जरूरत नहीं होगी। मंगल फॉन्ट माइक्रोसॉफ्ट की सभी विंडोज में डिफॉल्ट होता है।

आसान है की-बोर्ड को हिंदी-अंग्रेजी में बदलना

माइक्रोसॉफ्ट के इस इनबिल्ट की-बोर्ड का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसे बड़ी ही आसानी से हिंदी और अंग्रेजी में बदला जा सकता है। इसके लिए आपको बस Shift+Alt बटन को एक साथ दबाना होता है। उदाहरण के तौर पर अगर आप हिंदी टाइपिंग कर रहे हैं तो Shift+Alt को दबाकर की-बोर्ड को अंग्रेजी में बदल सकते हैं। वहीं अगर आप अंग्रेजी में टाइपिंग कर रहे हैं तो Shift+Alt को दबाने से हिंदी में टाइपिंग शुरू कर कर सकते हैं।



वॉट्सएप की ऑडियो या वीडियो कॉल में एक साथ जुड़ सकेंगे आठ लोग

वॉट्सएप ने अपने यूजर्स के चैटिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए शानदार फीचर की शुरुआत की है। वॉट्सएप के एंड्रॉयड और आईओएस यूजर अब ग्रुप में एक साथ आठ लोगों से ऑडियो या वीडियो कॉल के जरिए कनेक्ट हो सकते हैं।

इस फीचर के आने से पहले वॉट्सएप ग्रुप में अधिकतम चार सदस्य ही एक साथ कनेक्ट हो सकते थे। यह जानकारी व्हाट्सएप अपडेट को ट्रैक करने वाली एक लोकप्रिय चीनी तकनीकी साइट वेब बीटा इंफो के ट्विटर अकाउंट से मिली है। हालिया वॉट्सएप बीटा अपडेट से पता चला है कि कंपनी जल्द ही अपने दो अरब यूजर्स के लिए एक ऑडियो या वीडियो ग्रुप कॉल में प्रतिभागियों की सीमा का विस्तार करने के लिए तैयार है, जिसमें भारत के 40 करोड़ से अधिक लोग भी शामिल हैं।

वेब बीटा इंफो ने ट्वीट किया कि वॉट्सएप आईओएस और एंड्रॉयड बीटा यूजर्स के लिए ग्रुप कॉल में प्रतिभागियों की नई सीमा को शुरू करने जा रहा है। नई सीमा है, ग्रुप कॉल में आठ प्रतिभागी। इसके लिए टेस्टफ्लाइट से 2.20.50.25 आईओएस बीटा अपडेट करने की जरूरत है, वहीं गूगल प्ले स्टोर से 2.20.133 बीटा इंस्टॉल करने की आवश्यकता है। अन्य प्रतिभागियों को भी उसी वर्जन में रहने की आवश्यकता होगी, अन्यथा उन्हें समूह कॉल में नहीं जोड़ा जा सकता है। यानी ग्रुप के आठ सदस्यों से एक साथ कनेक्ट होने के लिए जरूरी है कि सभी लेटेस्ट बीटा अपडेट का प्रयोग कर रहे हों। बता दें कि एप्पल के फेसटाइम वीडियो कॉलिंग में एक साथ 32 लोग जबकि फेसबुक मैसेंजर के साथ एक कॉल में 50 लोग जुड़ सकते हैं।

वॉट्सएप बिना खोले जानें कौन-कब है ऑनलाइन

अक्सर ऐसा होता है कि वॉट्सएप पर हम जिसे मैसेज कर रहे होते हैं, वह ऑनलाइन नहीं होता। कई बार हम उनके ऑनलाइन आने का इंतजार भी करते हैं। वहीं, कई बार ऐसी स्थिति भी आ जाती है जब हम किसी को ऑनलाइन चेक करना चाहते हैं, लेकिन खुद ऑनलाइन नहीं दिखना चाहते।ऐसे में हमारी एक ट्रिक आपके लिए बड़े काम की साबित हो सकती है। यहां हम आपको ऐसे तरीके के बारे में बता रहे हैं, जिसके जरिए आप बिना वॉट्सएप खोले ही जान सकते हैं कि कौन ऑनलाइन है। इस ट्रिक के जरिए आपके द्वारा बताया गया कॉन्टैक्ट जब भी ऑनलाइन आएगा, आपको नोटिफिकेशन मिल जाएगा।

बिना वॉट्सऐप खोले ऐसे देखें कौन है ऑनलाइन

- इसके लिए सबसे पहले आपको GBWhatsApp एप को डाउनलोड करना होगा।
- यह साधारण वॉट्सएप के मुकाबले ज्यादा एडवांस फीचर वाला एप है।
- इसे डाउनलोड करने के लिए आप गूगल पर GB Whatsapp APK सर्च कर सकते हैं।
- एप डाउनलोड करने के बाद इसकी Settings में जाएं।
- यहां दिए गए Main/Chat screen ऑप्शन को चुनें।
- अब Cantact Online Toast विकल्प चुनें।
- Show contact online toast का चुनाव करें।
- अब आपके द्वारा चुना गया कॉन्टैक्ट जब भी ऑनलाइन आएगा तो आपको नोटिफिकेशन से पता चल जाएगा।

एक नजर

बैंकों का ऋण 7.2 प्रतिशत जमा 9.45 फीसदी बढ़ा

मुंबई। बैंकों की बाजार में पड़ी ऋण की राशि 10 अप्रैल को समाप्त पखवाड़े के दौरान 7.20 प्रतिशत बढ़कर 103.39 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस दौरान बैंकों में जमा राशि 9.45 प्रतिशत बढ़कर 137.14 लाख करोड़ रुपए थी। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। एक साल पहले समान पखवाड़े में बैंक ऋण 96.44 लाख करोड़ रुपए और जमा 125.30 लाख करोड़ रुपए पर थी। आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान बैंकों के ऋण की वृद्धि घटकर 6.14 प्रतिशत पर आ गई। यह इसका करीब पांच दशक का निचला स्तर है। सुस्त आर्थिक वृद्धि दरए कमजोर मांग और बैंकों के जोखिम लेने से बचने की वजह से ऋण की वृद्धि सुस्त पड़ी। इससे पहले 31 मार्च, 1962 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान बैंकों के ऋण की वृद्धि 5.38 प्रतिशत थी।

महाराष्ट्र में 559 इंडस्ट्रियल यूनिट्स में काम शुरू

मुंबई। कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिये लागू लॉकडाउन में 20 अप्रैल से ढील मिलने के बाद महाराष्ट्र में 559 औद्योगिक इकाइयों ने परिचालन शुरू कर दिया है। पंजाब में करीब एक हजार इकाइयों को परिचालन शुरू करने की इजाजत दी गयी है। महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों ने मुंबई में 559 औद्योगिक इकाइयों ने परिचालन की शुरुआत की है और इन इकाइयों में 8800 लोग काम कर रहे हैं। इन 559 औद्योगिक इकाइयों में पाबंदी कुल 215053 लोगों की जरूरत है। सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र में परिचालन शुरू करने को लेकर कुल 7432 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें सर्वाधिक 1418 आवेदन पुणे से हैं।

जेके सीमेंट को मध्य प्रदेश में परिचालन की अनुमति

नई दिल्ली। जेके सीमेंट को अधिकारियों से राजस्थान, मध्य प्रदेश और हरियाणा के अपने संयंत्रों के अलावा गुजरात में नए परियोजना स्थल पर भी परिचालन शुरू करने की अनुमति मिल गई है। जेके सीमेंट ने शनिवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि कर्मचारियों के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों के बाद परिचालन आंशिक रूप से शुरू कर दिया गया है या शुरू किया जा रहा है।

वित्त वर्ष 2020-21 में नकारात्मक रह सकती है देश की विकास दर

अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी होगा लॉकडाउन

नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी को रोकने के लिए लगातार 40 दिनों के देशव्यापी लॉकडाउन का फैसला अर्थव्यवस्था के लिए बेहद सख्त कदम है। लॉकडाउन के आर्थिक परिणाम बेहद विनाशकारी हैं। अर्थशास्त्रियों ने अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर पर प्रकाश डाला।

अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, देश की जीडीपी विकास दर वित्त वर्ष 2019-20 के 5.5 फीसदी की तुलना में वित्त वर्ष 2020-21 में -0.4 फीसदी रह सकती है। उनके मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल-जून 2020 बेहद बद्तर, दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर थोड़ा बेहतर, जबकि वित्त वर्ष की बाकी छमाही में थोड़ा सुधार होगा। अगर ये अनुमान सच साबित होते हैं, तो 1979-80 की भीषण आर्थिक सुस्ती के बाद यह दौर अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बुरा होगा, जब जीडीपी विकास दर 5.5 फीसदी से घटकर सीधे -5.2 फीसदी पर पहुंच गई थी। अंत यहीं नहीं होने वाला। पर्याप्त रूप से वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पन्न और बिक्री न होने की वजह से गुड्स ऐंड सर्विस टैक्स जीएसटी में भारी गिरावट आएगी, जिसका केंद्र तथा राज्य सरकारों पर बेहद बुरा असर पड़ेगा। ऐसे में विनिवेश की तो चर्चा भी नहीं करनी चाहिए। हेल्थ तथा अनाजों और राशन पर खर्च में अनावश्यक रूप से भारी बढ़ोतरी होगी, जबकि अन्य खर्च जैसे पहले लिए गए लोन के ब्याज के भुगतान में कोई कमी नहीं होगी। राजकोषीय घाटा आसमान छुएगा।

कामगारों को वापस लाना चुनौती

कामगारों को वापस कैसे लाया जाए। इसके लिए भारतीय रेलवे का इस्तेमाल सबसे बेहतरीन उपाय होगा। मई के पहले सप्ताह से मुख्य इंडस्ट्रियल एवं मैन्युफैक्चरिंग हब के लिए सीमित स्टॉप वाली यात्री ट्रेनें चलाई जाएं, जिनमें रेलवे पुलिस की पूरी व्यवस्था हो और साफ-सफाई का पूरा ध्यान दिया जाए। 50 रूटों पर इस तरह की ट्रेनें चलाना पर्याप्त होगा। इस संकट से कोई कैसे निपट सकता है। जितनी जल्दी हो सके, लोगों को सुरक्षा के साथ वापस काम पर लाना बड़ी चुनौती होगी। सूक्ष्मए लघु एवं मझोले तथा निर्माण गतिविधियों को पटरी पर लाना सबसे जरूरी होगा। ये उद्योग भारी तादाद में लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं।

एमएसएमई को कर्ज की जरूरत

इस बात को सुनिश्चित करना है कि एमएसएमई तथा निर्माण कारोबार को पर्याप्त रूप से कार्यशील पूंजी मिले। इस दिशा में आरबीआई ने अहम कदम उठाए हैं, लेकिन बैंक अभी भी लोन देना नहीं चाह रहे हैं। उन्हें ऐसे समय में लोन के एनपीए हो जाने का भय है। ऐसे में वित्त मंत्रालय को कदम उठाना होगा। कंपनियां 60 फीसदी कर्ज सरकारी बैंकों से लेते हैं। बड़े डिफॉल्टर्स एमएसएमई नहीं, बल्कि बड़ी कंपनियां हैं। इन तमाम छोटे उपक्रमों को पहले चरण में कार्यशील पूंजी की जरूरत है। इसकी घोषणा जल्द से जल्द क्यों नहीं की जा सकती है। हमें लोगों को जल्द से जल्द काम पर लाना होगा। हमें अपने मैन्युफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्रों के दरवाजे खोलने होंगे। लॉकडाउन को चार मई से पूरी तरह उठाने का वक्त आ गया है। अगर लॉकडाउन को आगे बढ़ाया जाता है तो यह अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी कदम साबित होगा, वह भी ऐसा जहां से लौटने की कोई गुंजाइश नहीं होगी।

लॉकडाउन में पीएनबी के ग्राहकों को राहत

आईएमपीएस फंड ट्रांसफर हुआ मुफ्त

नई दिल्ली । सार्वजनकि क्षेत्र के देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक ने अपने लाखों ग्राहकों के लिए बड़ी राहत का ऐलान किया है। पंजाब नैशनल बैंक ने कोरोना के कारण जारी लॉकडाउन के बीच डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देने और ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आईएमपीएस फंड ट्रांसफर चार्ज को माफकर दिया है।

बैंक ने इसकी जानकारी ट्वीट कर दी है। इस ट्वीट के मुताबिक, पीएनबी के ग्राहक अगर इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग ऐप का इस्तेमाल कर आईएमपीएस फंड ट्रांसफर करते हैं तो उन्हें कोई चार्ज नहीं लगेगा। अब पीएनबी के ग्राहक आईएमपीएस, एनआईएफटी, आरटीजीएस, यूपीआई से अगर ट्रांजैक्शन करते हैं तो यह सेवा पूरी तरह शुल्क रहित है। बता दें आईएमपीएस के जरिए एक अकाउंट से दूसरे अकाउंट में तुरंत पैसा ट्रांसफर हो जाता है। हालांकि यह चार्जेबल सर्विस है जिसके लिए 2 से 10 रुपए तक वसूली की जाती है। आईएमपीएस सर्विस का लाभ 24 घंटे उठाया जा सकता है।

पिछले दिनों ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का पीएनबी में विलय कर दिया गया था, जिसके बाद यह देश का दूसरा सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है जिसका कुल कारोबार 18 लाख करोड़ का है। पूरे देश में इसके 11 हजार से ज्यादा ब्रांच और 13 हजार से ज्यादा एटीएम हैं।

मई अंत तक चार करोड़ के पास नहीं होगा मोबाइल

नई दिल्ली। देशव्यापी लॉकडाउन से जुड़ी पाबंदियां यदि नहीं हटाई जाती हैं तो मोबाइल खराब होने या टूट जाने की वजह से करीब चार करोड़ लोग मई के अंत तक बिना मोबाइल हैंडसेट के रह हो जाएंगे। मोबाइल उद्योग के संगठन आईसीईए ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया।

इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स ऐसोसिएशन आईसीईए का अनुमान है कि इस समय करीब ढाई करोड़ से अधिक मोबाइल हैंडसेट काम नहीं कर रहे हैं क्योंकि मरम्मत का सामान और सवाओं की दुकानें बंद हैं। आईसीईए के चेयरमैन पंकज महिंद्र ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सरकार में कई लोगों से संपर्क कर मोबाइल फोन को अनिवार्य वस्तु और सेवा के दायरे में लाने को कहा है। उन्होंने कहा कि यदि बंद जारी रहता है तो मई के अंत तक यह संख्या बढ़कर चार करोड़ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में मोबाइल फोन की ऑनलाइन बिक्री खोलना अहम है जबकि चरणबद्ध तरीके से इसकी खुदरा दुकानों और सर्विस सेंटरों को भी खोलना चाहिए।

कोरोना वायरस को रोकने के लिए देशभर में 25 मार्च से तीन मई तक बंद किया गया है। इस दौरान सिर्फ अनिवार्य वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति ही चालू है। दूरसंचार, इंटरनेट, प्रसारण और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं को चालू रखने की अनुमति है, लेकिन मोबाइल फोन की बिक्री नहीं।

हर महीने बिकते हैं ढाई करोड़ मोबाइल फोन

आईसीईए ने कहा कि हर महीने करीब ढाई करोड़ नए मोबाइल फोन की बिक्री होती है। देश में वर्तमान में 85 करोड़ लोगों के पास मोबाइल फोन है। आईसीईए ने कहा कि इस ढाई करोड़ में से बड़ी संख्या पुराने फोन के स्थान पर नए फोन लेने वालों या बेहतर फीचर वाला मोबाइल फोन लेने वालों की होती है। वहीं करीब 0.25 प्रतिशत मोबाइल फोन हर महीने टूट जाते हैं। ऐसे में 85 करोड़ मोबाइल फोन रखने वालों के आंकड़ों के आधार पर यह साफ है कि वर्तमान में करीब ढाई करोड़ लोगों के पास मोबाइल फोन नहीं है क्योंकि नए फोन मिल नहीं रहे और जो उनके पास हैं उनका इस्तेमाल नहीं हो पा रहा।

आनलाइन भुगतान में 30 प्रतिशत गिरावट

यात्रा, लाजिस्टिक्स और खाद्य पदार्थों के क्षेत्र में डिजिटल लेनदेन घटा

नई दिल्ली। विभिन्न क्षेत्रों में गतिविधियां ठप रहने से लॉकडाउन के पिछले एक माह के दौरान आनलाइन भुगतान में 30 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। यात्रा, रियल एस्टेट, लाजिस्टिक्स और खाद्य एवं पेय पदार्थों के क्षेत्र में डिजिटल लेनदेन कम होने से यह गिरावट आई है। वित्तीय प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म रेजरपे ने यह जानकारी दी है।

यह रिपोर्ट लॉकडाउन शुरू होने से पहले 24 फरवरी से लेकर 23 मार्च और उसके बाद लॉकडाउन के दौरान 24 मार्च से लेकर 23 अप्रैल 2020 के बीच कंपनी के प्लेटफार्म पर होने वाले लेनदेन पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि डिजिटल लेनदेन में सबसे अधिक 41 प्रतिशत गिरावट गुजरात में दर्ज किया गया है। उसके बाद मध्य प्रदेश में 39 प्रतिशत और तमिल नाडु में 26 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि इस दौरान कुछ ऐसे भी क्षेत्र हैं जिनमें आनलाइन भुगतान में वृद्धि हुई है। इसमें बिजली, पानी जैसी सेवाओं, आईटी और साफ्टवेयर और मीडिया तथा मनोरंजन के क्षेत्र में डिजिटल लेनदेन में क्रमशः 73 प्रतिशत, 32 प्रतिशत और 25 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है।

बाजार समीक्षा

2021 में सोने का वैश्विक दाम 3000 डॉलर पहुंचने के आसार

अगले साल सोने में भारी तेजी संभव

मुंबई। वैश्विक विपरीत परिस्थियों के मध्य जब शेयरों और बॉन्ड में निवेश से ज्यादा रिटर्न की उम्मीद नहीं दिखती। लिहाजा, सोने में निवेश आपके लिए लाभदायक हो सकता है। इस संबंध में बैंक ऑफअमेरिका सिक्योरिटीज के विश्लेषकों का कहना है कि 2021 के अंत तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव 3000 डॉलर प्रति औंस तक के स्तर को छू सकता है।

यदि यह बात सही साबित हुई तो घरेलू बाजार में 3000 डॉलर प्रतिऔंस की गणना से भारतीय रुपये में यह कीमत 80000 रु प्रति 10 ग्राम से ज्यादा बैठती है। एमसीएक्स पर सोने का वायदा करीब 46500 रु के स्तर पर है। अगर यह बात सही हुई तो लगभग डेढ़ साल में भारत में सोने की कीमत लगभग 75 फीसदी चढ़ सकती हैं। विश्व बाजार में, फिलहाल सोना वायदा1750 डॉलर प्रतिऔंस है। वहीं गोल्डमैन सैक्स के विश्लेषकों ने कहा है कि वैश्विक परिदृश्य को देखते सोना कच्चे तेल की तुलना में बेहतर विकल्प है। मार्च के अंत में गोल्डमैन सैक्स के विश्लेषकों ने भविष्यवाणी की थी कि कच्चेतेल के दाम नकारात्मक क्षेत्र में आ सकते है। इससे वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट, केंद्रीय बैंकों की बैलेंस शीट और सरकारों का स्वर्ण भंडार पर असर पड़ेगा। केंद्रीय बैंकों और सरकारों ने अपनी बैलेंस शीट और राजकोषीय घाटे को दोगुना किया है।

गारमेंट इंडस्ट्री द्वारा तुरंत राहत पैकेज की मांग

नयी दिल्ली। हैंडलूम, हेंडीक्राफ्ट, गारमेंट इंडस्ट्री ने कर्मचारियों को अप्रैल और मई महीने की सैलरी देने के लिए सरकार से तुरंत राहत पैकेज की मांग की है। इंडस्ट्री के मुताबिक भारी इन्वेंटरी और ऑर्डर कैंसल होने से करीब 1.30 करोड़ कर्मचारियों का भार वो नहीं उठा सकतीं। इंडस्ट्री का कहना है कि कारोबार ठप होने से कर्मचारियों की सैलरी नहीं दे पाएंगे। टेक्सटाइल मंत्रालय ने राहत के लिए वित्त मंत्रालय से संपर्क किया है। इंडस्ट्री के मुताबिक 40 फीसदी ऑर्डर रद्द हो चुके हैं। 30-40 फीसदी ऑर्डर ऑन-होल्ड हैं। इंडस्ट्री को अभी तक 3-4 अरब डॉलर का नुकसान हो रहा है। लॉकडाउन के बाद भी पटरी पर लौटने में 6 महीने का समय लगेगा।

जेके सीमेंट को मप्र व अन्य राज्यों में संयंत्र परिचालन की अनुमति

नई दिल्ली। जेके सीमेंट को राजस्थान, मध्य प्रदेश और हरियाणा के अपने संयंत्रों के अलावा गुजरात में नए परियोजना स्थल पर परिचालन की अनुमति मिल गई है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि कर्मचारियों के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों के बाद परिचालन आंशिक रूप से शुरू कर दिया गया है, या शुरू किया जा रहा है। कंपनी ने कहा कि उसने अपने कार्यालय के कर्मचारियों या कारखानों के कामगारों के लिए कोविड-19 को रोकने से संबंधित सभी जरूरी सुरक्षा उपाय किए हैं। साथ ही कंपनी समय-समय पर प्राधिकरणों द्वारा जारी सभी निर्देशों का अनुपालन करेगी। कंपनी ने 23 मार्च को राजस्थान के निम्बाहेड़ा, मंगरोल और गोटन, हरियाणा के झरली, मध्य प्रदेश के कटनी और उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ स्थित अपने कारखानों तथा कार्यालय स्थलों पर परिचालन बंद किया था।

वनस्थली विद्यापीठ ने पीएम केयर्स फंड में दिए 11 लाख रुपए

कोविड19 के खिलाफ युद्ध में सरकार के साथ वनस्थली

नई दिल्ली। वनस्थली विद्यापीठ ने कोविड19 की आपदा से जूझने हेतु राशि 11 लाख रुपए का चैक पीएम केयर्स फंड में भिजवाया है और आश्वस्त किया है कि इस युद्ध में वनस्थली विद्यापीठ पूरी तरह से सरकार के साथ है और आगे भी यथासंभव सहयोग करती रहेगी। वनस्थली विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आदित्य शास्त्री ने बताया कि विद्यापीठ देश के किसी भी क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदाओं में हमेशा पीड़ितों के लिये संवेदनशील रहा है तथा यथासंभव सहायता के लिए तत्पर रहा है। विद्यापीठ का यह इतिहास रहा है कि ऐसे सभी अवसरों पर यथासंभव सहायता की है, चाहे वह केरल में आयी भीषण बाढ़ हो, जम्मू एवं कश्मीर प्रदेश में आयी बाढ़ हो, उत्तराखंड त्रासदी हो या गुजरात का भूकम्प।

सुनामी के बाद तो विद्यापीठ के पूर्व अध्यक्ष, श्रद्धेय दिवाकर शास्त्री स्वयं अण्डमान-निकोबार गये थे और सुनामी में प्रभावित हमारी छात्राओं के परिजनों को सहायता राशि व्यक्तिगत रूप से प्रदान की थी। इस बार भी सभी कार्यकर्त्ताओं ने अपना सहयोग दिया है। समूचा विश्व इस समय अभूतपूर्व परिस्थितियों से जूझ रहा है और हमारा देश भी इससे अछूता नहीं है। भारत सरकार द्वारा इस दिशा में जारी दिशानिर्देशों का वनस्थली पूरा समर्थन करती है और सरकार ने समय-समय पर जो निर्णायक कदम उठाये है उसकी पूरे विश्व में सराहना हो रही है। इतने बड़े राष्ट्र में जिस प्रकार का लॉकडाउन किया गया है राष्ट्र काफी हद तक कोरोना संक्रमण को सीमित कर पाया है। जिस युद्ध स्तर पर सरकार काम कर रही है स्पष्ट है कि उसके लिए बहुत सारे संसाधनों की आवश्यकता होगी और इसलिए वनस्थली ने सहयोग किया है।

राजस्थान खरीदेगा कोबास-8800 मशीन

प्रतिदिन 3000 से ज्यादा जांचों में हो सकेगा इजाफा

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने बताया कि जयपुर और जोधपुर में कोरोना संक्रमितों की जांच में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए कोबास 8800 मशीनों के खरीदने के आदेश दे दिए हैं। यह मशीन एफडीए (फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, अमरीका से अनुमोदित है। इससे जयपुर और जोधपुर जिलों में वर्तमान से लगभग 3 हजार ज्यादा जांचें की जा सकेंगी। डॉ. शर्मा ने कहा कि देश में राजस्थान और तेलंगाना केवल दो ऐसे राज्य हैं, जो इस मशीन को खरीद रहे हैं। इस मशीन से आरएनए एस्ट्रक्शन और आरटी-पीसीआर दोनों टेस्ट एक साथ हो सकते हैं। इसमें ऑटोमेटिक और मैनुअली दोनों तरीके से टेस्ट हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की 10 हजार जांच प्रतिदिन करने की सोच की ओर राजस्थान तेजी से बढ़ रहा है। डॉ. शर्मा ने बताया कि कोरोना प्रभावित जिलों में भी जांच में तेजी लाई जा रही है। इसी के मद्देनजर भरतपुर, डूंगरपुर, पाली और बाड़मेर में आरटी-पीसीआर की मशीनों को पहुंचा दिया गया है। यही नहीं उदयपुर और अजमेर में जांच की क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त आरटी-पीसीआर मशीनें पहुंच चुकी हैं। भीलवाड़ा में आईसीएमआर द्वारा जांच की अनुमति मिल जाएगी। इसके अलावा जोधपुर के डेजर्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में भी 300 जांच प्रतिदिन करवाने की सुविधा प्रारंभ हो गई है। उन्होंने कहा कि जितनी ज्यादा जांचें होंगी कोरोना की वास्तविकता का पता उतना ही जल्द चल सकेगा।

चीन में सोया तेल व डीओसी स्टॉक कम

इंदौर। चीन में पिछले हफ्ते के मुकाबले सोयाबीन व इसके उत्पादों के स्टॉक में कमी आई है। सोया तेल स्टॉक 12 प्रतिशत घटकर 9.4 लाख टन तथा सोयाबीन स्टॉक 9.1 फीसदी घटकर 23.81 लाख टन एवं सोया डीओसी स्टॉक 14.8 फीसदी घटकर 1.36 लाख टन रह गया है। इतना ही नहीं चीन में पाम तेल का स्टॉक भी गत हफ्ते के मुकाबले करीब 6 फीसदी घटकर 6.05 लाख टन शेष बचा था। चीन में गत मार्च माह के दौरान 2.20 लाख टन पाम तेल आयात किया था।

पृष्ठ एक का शेष

क्यूबा ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका में 216 स्वास्थ्यकर्मियों की टीमें भेजीं।

चीनः वुहान के अस्पतालों में भर्ती सभी मरीजों को छुट्टी

चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) के एक प्रवक्ता मि फेंग ने रविवार को कहा कि वुहान के सभी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। देश में शनिवार को 11 नए मामले मिले है। 11 दिन से देश में एक भी जान नहीं गई है। देश में संक्रमण के मामले अब तक 82 हजार 827 हो चुके हैं, जबकि 4632 लोगों की मौत हो चुकी है।

ब्रिटेनः पीएम जॉनसन सोमवार से ऑफिस लौटने को तैयार

ब्रिटेन में 24 घंटे में 413 लोगों की जान गई है। देश में मौत का आंकड़ा 20 हजार से ज्यादा हो गया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन कोरोना से ठीक होने के बाद सोमवार से अपना कामकाज फिर से संभाल लेंगे। वे लंदन के सेंट थॉमस अस्पताल में करीब दो हफ्ते तक भर्ती रहे थे। उनकी गैरमौजूदगी में विदेश मंत्री डोमिनिक रॉब उनका कार्यभार संभाल रहे थे। स्काई न्यूज के मुताबिक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री डॉक्टरों की सलाह पर सोमवार के रोजाना होने वाली डाउनिंग स्ट्रीट समाचार सम्मेलन की मेजबानी कर सकते हैं।

लॉकडाउन के दौरान लंदन के हाइड पार्क में घूमते लोग। ब्रिटेन में अब तक 20 हजार से ज्यादा जान जा चुकी है।

जर्मनीः कई प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

बीबीसी के मुताबिक, जर्मनी की पुलिस ने बर्लिन में लॉकडाउन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे 10 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। इस प्रदर्शन में करीब 1000 लोग शामिल हुए थे। यूरो न्यूज के मुताबिक, इस प्रदर्शन में पांच पुलिसकर्मी भी घायल हुए। वहीं जर्मनी और पोलैंड की सीमा पर भी लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। देश में 4 मई से स्कूल खोले जा सकते हैं। 30 अप्रैल को एंजेला मर्केल इस पर निर्णय ले सकती हैं। देश में अब तक 5880 लोगों की मौत हो चुकी है।

जर्मनी की राजधानी बर्लिन में लॉकडाउन प्रतिबंधों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे युवक को हिरासत में लेती पुलिस। इस दौरान हजारों लोगों ने राजधानी में प्रदर्शन किया।

सऊदी अरबः रविवार को कर्फ्यू में ढील

सऊदी अरब में रविवार को कर्फ्यू में ढील दी जाएगी। कुछ व्यवासायिक संस्थानों को खोला जाएगा। रमजान के महीने में कुछ रिटेल स्टोर खुले रहेंगे। हालांकि, मक्का में कर्फ्यू लगा रहेगा। देश में अब तक 139 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 17 हजार 522 संक्रमित हैं।

सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का में रमजान के पवित्र महीने के पहले दिन ग्रैंड मस्जिद में सन्नाटा पसरा रहा।

कनाडाः 45 हजार संक्रमित

कनाडा में 24 घंटे में 100 लोगों की मौत हुई है। यहां संक्रमितों की संख्या बढ़कर 45 हजार 300 हो गई है। सरकार ने शनिवार को जारी किए आंकड़ों में बताया कि कनाडा में अब तक 2465 मौत हो गई है। ओंटेरियो (800) और क्यूबेक (1440) सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। शनिवार को कनाडा के न्यू ब्रेंसविक प्रांत के अफसरों ने बताया कि प्रतिबंधों को धीरे-धीरे हटाना शुरू कर रहे हैं। यह पहला प्रांत होगा जो फिर से खुलेगा।

अल्जीरियाः 3256 संक्रमित

अल्जीरिया में शनिवार को 129 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 3256 हो गई है। इसी बीच, कोरोना से चार नई मौतें सामने आई हैं। यहां मरने वालों की संख्या बढ़कर 419 हो गई है। 'डिटेक्शन और फॉलो-अप कमीशन' के प्रमुख जिमल फोरर ने यह जानकारी दी। अल्जीरिया में पहला मामला 25 फरवरी को सामने आया था। इसके प्रसार को रोकने के लिए अल्जीरिया प्रशासन ने 29 अप्रैल तक देशभर में लॉकडाउन किया है।

जी20 ने धन की कमी पूरा करने की अपील की

जी20 ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महामारी से लड़ने के लिए सवास्थ्य सुविधाओं की जरूरतों को पूरा करने और धन की कमी पूरा करने की अपील की है। जी 20 के अध्यक्ष देश सऊदी अरब के वित्त मंत्री ने कहा कि समूह महामारी से निपटने के लिए आठ अरब डॉलर के फंडिंग गैप को पूरा करने की कोशिश कर रहा है। जी 20 का अधअयक्ष देश होने के नाते सऊदी अरब ने 50 करोड़ डॉलर देने का वादा किया। कई देशों की सरकारों और संगठनों ने 1.9 अरब डॉलर का डान किया है।

मन की बात

6. त्योहार हमें बुरे वक्त से लड़ना सिखाते हैं

आज अक्षय तृतीया है। यह त्योहार याद दिलाता है कि चाहे कितनी भी विपत्तियां या कठिनाइयां आएं, इससे लड़ने की हमारी ताकत अक्षय रहेगी। इसी दिन पांडवों को सूर्य से अक्षय पात्र मिला था। आज देश के पास अक्षय अन्य भंडार है। हमें पर्यावरण के बारे में सोचना होगा। अगर हम अक्षय रहना चाहते हैं तो पर्यावरण को अक्षय रखना होगा।

7. रमजान घर पर मनाएं, फिजिकल डिस्टेंसिंग बनाएं रखें

रमजान चल रहा है। इस बार इसे सद्भाव, संयम का पर्व बनाएं। मुझे विश्वास है कि स्थानीय प्रशासन की अपील का पालन करते हुए फिजिकल डिस्टेंसिंग बनाए रखेंगे। आज कोरोना ने त्योहार मनाने का ढंग बदल दिया है। लोग अब त्योहारों को घर में रहकर, सादगी से मना रहे हैं। इस बार ईसाई दोस्तों ने ईस्टर भी घर पर मनाया।

8. दो गज दूरी बनाए रखें, अतिआत्मविश्वास में न आएं

मेरा आपसे आग्रह है कि अतिआत्मविश्वास न पालें कि शहर, गली में कोरोना पहुंचा नहीं है, इसलिए मुझे नहीं होगा। लेकिन दुनिया का अनुभव कुछ और कह रहा है। इसे समझना होगा। नजर हटी, दुर्घटना घटी। हल्के में लेकर छोड़ी गई आग, कर्ज और बीमारी मौके पड़ते ही दोबारा उभर जाती है। इसलिए कोई लापरवाही न करें। फिर कहूंगा- दो गज दूरी बनाए रखें। अगली बार जब मन की बात में मिलूं तो दुनिया से अच्छी खबरें आएं।

कोरोना से जंग में पल्स ऑक्सीमीटर का है अहम रोल, खुद कर सकते हैं जांच

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क के बेलेव्यू अस्पताल में 10 दिनों तक काम करने के बाद डॉक्टर रिचर्ड लेविटन ने कोविड-19 के बारे में जो कुछ भी सीखा था उसे साझा करने का फैसला किया। डॉ रिचर्ड ने बताया कि अस्पताल में बहुत से मरीज ऐसे थे जिनमें ऑक्सीजन लेवल काफी कम था जिसे गंभीर कॉम्पलिकेशंस और मौत का खतरा माना जाता है। एक साधारण होम गैजेट जिसे पल्स ऑक्सीमीटर कहा जाता है, यह मरीज की स्थिति को गंभीर होने से बचाने में मदद करता है। यह उपकरण मरीज को गंभीर स्टेज में जाने से पहले अलर्ट कर देता है।

डॉ रिचर्ड लेविटन बताते हैं, अस्पताल में जब मैं यह तय करने की कोशिश कर रहा था कि मैं किसे घर भेजूं तब पल्स ऑक्सीमीटर से मुझे काफी सहयोग मिला। इसपर आपको जानकारी मिलती है कि आपकी पल्स और ऑक्सीजन की क्या स्थिति है डॉ. लेविटन ने कहा कि पल्स ऑक्सीमीटर और थर्मामीटर आपको बीमार होने से बचाता है। अमेरिका के हेल्थ एक्सपर्ट ने कोविड -19 महामारी के दौरान लोगों को अपने घरों में एक पल्स ऑक्सीमीटर और थर्मामीटर रखने की सलाह दी है। डॉक्टरों के मुताबिक, जानिए पल्स ऑक्सीमीटर कैसे काम करता है ? इसके द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आपको क्या करना चाहिए एक पल्स ऑक्सीमीटर एक छोटा डिवाइस है। जो कि चिप क्लिप या बड़े कपड़ों की पिन की तरह दिखता है। इसे ऊंगली में क्लिप की तरह फंसाया जाता है। इसके बाद इसमें लगे सेंसर ये पता लगा पाते हैं कि खून में ऑक्सीजन का प्रवाह कैसा है। इसकी रीडिंग ऑक्सीमीटर की डिजिटल स्क्रीन पर दिखती है। स्क्रीन पर 95 से 100 के आसपास डिजिट दिखे तो ये सामान्य है।

एक नजर

कोरोना से लड़ाई में पारदर्शिता बड़े काम की चीज : प्रियंका गांधी

लखनऊ : कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में टेस्टिंग को लेकर काफी लोग चिंतित हैं। कोरोना से लड़ाई में पारदर्शिता बड़े काम की चीज है। सर्व समाज और सरकार मिलकर ही इस महामारी को शिकस्त दे सकते हैं। प्रियंका ने ट्वीट के माध्यम से पारदर्शिता को 'बड़े काम की चीज' बताते हुए उप्र सरकार को कुछ सुझाव दिए हैं।उन्होंने अपने ट्वीट में चार पोस्टर भी साझा किए हैं। इन पर सरकार को सुझाव देते हुए उन्होंने लिखा है कि पूरी दुनिया इस बात को मान चुकी है कि ढंग से और ज्यादा से ज्यादा टेस्टिंग ही कोरोना की रोकथाम की कुंजी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने दो दिनों से जांच की संख्या बताना बंद कर दिया है।प्रियंका ने लिखा, टेस्टिंग को लेकर पूरी तरह से पारदर्शिता होनी चाहिए, ताकि जनता को जानकारी मिले और इस महामारी के खिलाफ समाज और प्रशासन एकजुट होकर लड़ पाए।

जहांगीरपुरी अस्पताल में डॉक्टरों सहित 40 स्टाफ संक्रमित

नई दिल्ली : राजधानी का जहांगीरपुरी इलाके से कोरोना के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। शुक्रवार को वहां स्थित एक हॉस्पिटल में मेडिकल स्टाफ में कोरोना होने की बात सामने आई। शुरूआत में जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम अस्पताल के 14 मेडिकल स्टाफ के कोरोना से संक्रमित होने की रिपोर्ट आई थी। अब बाकी स्टाफ की रिपोर्ट भी सामने आ गई है और इस अस्पताल के कुल 40 डॉक्टर और नर्स कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। बता दें कि जहांगीरपुर में एक साथ 46 कोविड -19 पॉजिटिव मामले सामने आए थे।अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुछ चिकित्सकों और अन्य कर्मियों को एलएनजेपी अस्पताल, राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और कुछ निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जबकि शेष को आइसोलेशन वार्ड में भेजा गया है।उन्होंने कहा, 'गुरुवार तक सात चिकित्सक और सात अन्य कर्मियों में कोविड-19 के संक्रमण की पुष्टि हुई थी और अब यह संख्या 40 हो गई है।' उन्होंने कहा कि प्रतीत होता है कि उत्तर दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में बीमारी के सामुदायिक संचार की स्थिति है जिससे संक्रमण का उच्च दर संभव हुआ। जहांगीरपुरी इलाके में कई निषिद्ध क्षेत्र हैं।

कश्मीर में कोरोना संक्रमित मरीज की मौत

श्रीनगर : उत्तरी कश्मीर में बारामूला जिले के तंगमर्ग निवासी एक 72 वर्षीय कोरोना मरीज की शनिवार को श्रीनगर के जेवीसी एसकेआईएमएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मौत हो गई। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में कोरोनावायरस संक्रमण की वजह से मरने वालों की संख्या छह हो गई है।जेवीसी एसकेआईएमएस मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शिफा देव ने बताया कि तंगमर्ग के 72 वर्षीय कोरोनावायरस पॉजिटिव रोगी को 13 अप्रैल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि मृतक को निमोनिया, उच्च रक्तचाप और हृदय से संबंधित कई बीमारियां थीं। कोरोना की वजह से अभी तक जम्मू एवं कश्मीर में पांच और जम्मू क्षेत्र से एक व्यक्ति की जान जा चुकी है।

तमिलनाडु के 5 शहरों में तीन बजे तक खुलेंगी दुकानें

चेन्नई : तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने पांच शहरों में टोटल लॉकडाउन के आदेश के मद्देनजर कहा कि शनिवार को आवश्यक दुकानें दोपहर 3 बजे तक खुलेंगी। लॉकडाउन के दौरान आवश्यक दुकानों को सुबह 6 बजे से 1 बजे के बीच कार्य करने की अनुमति दी गई। घनी आबादी वाले शहरों में कोरोनो वायरस के प्रसार को रोकने के लिए पलानीस्वामी ने शुक्रवार को चेन्नई, कोयम्बटूर, तिरुप्पुर, सलेम और मदुरै में पूरी तरह से लॉकडाउन का आदेश दिया। पलानीस्वामी ने राज्य में फैले कोरोनोवायरस की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के बाद यह निर्णय लिया गया।

मधुबनी में अपराधियों ने युवक को गोली मारी

मधुबनी : जिला अंतर्गत राजनगर थाना क्षेत्र में रामपट्टी- मधुबनी मुख्य सड़क पर रांटी पेड़ा चौक के निकट अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। बताया जा रहा कि मोहनपुर निवासी कमलेश यादव घर से बाहर निकलकर कहीं जा रहा था कि अपराधियों ने उसे गोली मार दी। वहां पहुंचे स्वजन कमलेश को सदर अस्पताल लाए। यहां गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

ताश खेलने गये 24 लोगों को हो गया कोरोना

अमरावती : भारत में कोरोना वायरस का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। सरकार लगातार लोगों को निर्देश दे रही है कि वे सामाजिक दूरी का पालन करें, जिससे इस खतरनाक वायरस की चेन को तोड़ा जा सके। लेकिन लोगों द्वारा इसका पालन न करने की वजह से हर रोज संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं।ऐसा ही एक मामला आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा शहर में सामने आया, जहां लॉकडाउन की वजह से समय काटने के इरादे से दोस्तों और पड़ोसियों के साथ ताश खेलने के चक्कर में 24 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। यह जानकारी कृष्णा जिले के जिलाधिकारी ए मोहम्मद इम्तियाज ने दी।इम्तियाज ने बताया कि विजयवाड़ा के ही एक अन्य इलाके में एक और ट्रक चालक द्वारा समय बिताने के लिए एक साथ जमा होने की वजह से 15 और लोग कोविड-19 के मरीज हो गए हैं। उन्होंने बताया कि गत दिनों में दोनों घटनाओं से करीब 40 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं। उन्होंने बताया कि शहर के कृष्ण लंका इलाके में समय काटने के लिए ट्रक चालक दोस्तों और पड़ोसियों के साथ मिलकर ताश खेल रहा था जबकि महिलाएं समूह बना कर तंबोला खेल रही थी।

बिहार में अब तक 259 संक्रमित

पटना। कोरोनावायरस के संक्रमण चेन को रोकने के लिए लगाए गए डॉकडाउन फेज- का आज 12वां दिन है। रविवार को बिहार में कोरोनावायरस के 23 नए केस सामने आए हैं। यह बीमारी राज्य के 22 जिलों में फैल चुकी है। जहानाबाद में पहला केस सामने आया। अब तक कुल 274 लोग संक्रमित हो चुके हैं। जबकि, पहले से भर्ती 11 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज कर दिए गए। अब तक बिहार में कुल 56 लोग स्वस्थ हुए हैं। इसमें 10 मरीज पटना के एनएमसीएच में भर्ती थे और एक नवादा के सदर अस्पताल में भर्ती थी। स्वस्थ होने वालों में नालंदा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भी शामिल हैं। राज्य में अब तक 2 की मौत हो गई है।

कैमूर- पुलिस लाइन में फैला कोरोना, जिले में 14 मरीज

कैमूर का पुलिस लाइन कोरोना हॉटस्पॉट बन गया है। 24 घंटे में 6 नए मरीजों की पुष्टि की हुई। इनमें एक एएसआई, दो सिपाही और दो निजी चिकित्सक के स्टाफ शामिल हैं। जिले में अब तक 14 मरीजों की पुष्टि हुई है। चैनपुर इलाके से मिले कोरोना पॉजिटिव मरीज की चेन अब तक नहीं मिली है।

कैमूर में पुलिस की टीम दिनभर गश्ती कर रही है और लोगों से अपील कर रही है कि वे घर से बाहर नहीं निकलें।

पटना- खाजपुरा, डाकबंगला और पटेल नगर का इलाका सील

राजधानी पटना में पिछले एक हफ्ते में रोज नए केस सामने आए। खाजपुरा पटना का हॉटस्पॉट बना है। एक महिला के संपर्क में आने से कई लोग संक्रमित हो गए। 24 घंटे में सात नए केस सामने आए। इनमें 4 केस खाजपुरा के ही है। पटना में आशियाना मोड़ से लेकर जगदेव पथ, डाकबंगला चौराहा का एक इलाका और पटेल नगर के रोड नंबर पांच को सील कर दिया गया है। राजधानी में अब तक कोरोना के 33 मरीज मिले हैं। इनमें 6 लोग स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं।

गया- 22 दिन बाद मिला नया केस

गया में 22 दिनों बाद कोरोना का नया मरीज मिला है। बताया जा रहा है कि वह कोरोना संक्रमित के संपर्क में आने से संक्रमित हुआ है। इससे पहले तीन अप्रैल को जिले में मरीज मिला था। जिले में नया केस आने के बाद मरीजों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। इनमें 5 लोग स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं।

अचानक से बदला मौसम का मिजाज, देश के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश

नई दिल्ली/एजेंसियां : अचानक मौसम में हुए बदलाव से दिल्ली सहित उत्तर भारत में कुछ जगहों पर गरज के साथ तेज बारिश हुई। राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में रविवार सुबह गरज के साथ हल्की हुई। रविवार को यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश व उत्तराखंड में कई इलाकों में तेज बारिश हुई। बारिश का असर सबसे ज्यादा किसानों पर पड़ा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार यहां मौसम का मिजाज बदल सकता है। मौसम पूर्वानुमान केंद्र, दिल्ली से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी हवाओं की वजह से सोमवार तक यहां बदलाव देखने को मिल सकता है। दिल्ली के कई इलाकों में रविवार और सोमवार को हल्की बारिश की संभावना जताई गई थी इसके अलावा देश के अन्य राज्य बिहार और उत्तर प्रदेश में भी बारिश होने का अनुमान है इससे पहले शनिवार को उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तो हल्की बारिश भी हुई है। प्रयागराज, कानपुर और बनारस में 1 मिलीमीटर के आसपास बारिश दर्ज की गई है। मौसम में इस बदलाव का असर पूर्वी से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक साथ ही बुंदेलखंड और तराई के जिलों में भी देखने को मिल रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अगले दो तीन दिन हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है। इसके अलावा आगरा, अलीगढ़ और बुलंदशहर में भी हल्की बूंदाबांदी का अनुमान है। लखनऊ के आसपास के जिलों में भी आज सुबह से बदली छाई हुई है। यह सिलसिला अगले 3 दिनों तक बरकरार रहेगा। बीच-बीच में यदि धूप निकलेगी भी तो बहुत हल्की। इसके साथ ही ठंडी हवा भी चलती रहेगी।बिहार में भी पश्चिमी विक्षोभ असर दिखाई दिया। पटना सहित राज्य के अधिकांश इलाकों में बादल छाए हैं। कई क्षेत्रों में बारिश हो रही है। कई जगह आंधी-तूफान और ओलावृष्टि की भी खबर मिली है। इससे भारी नुकसान की आशंका व्यक्त की जा रही है। बारिश के दौरान वज्रपात से भोजपुर में एक युवती की मौत भी हो गई। मौसम विभाग ने बीते दिनों 26 अप्रैल तक के लिए बिहार के 18 जिलों में ब्लू अलर्ट जारी किया था । इसमें राज्य के उत्तरी हिस्से में आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश तथा दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान लगाया गया था। राजधानी पटना में देर रात से ही मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। तापमान गिर गया है। तेज हवाओं के बीच बारिश हो रही है। वैशाली, सारण, सिवान व गोपालगंज आदि जिलों में भी सुबह से बारिश हो रही है। सिवान में आधी रात से गरज के साथ बारिश व ओलावृष्टि की खबर मिली है।

कोरोना वायरस से लड़ने में भारतीय सेनाएं पूरी तरह तैयार : रावत

नई दिल्ली/एजेंसियां : चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत ने कहा कि सशस्त्र बलों के रूप में हम कोरोना वायरस (कोविड-19) के खिलाफ लड़ाई में अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत ने कहा कि हमें जो भी बजट दिया गया है उसका सही इस्तेमाल किया जाएगा और कोविड से लड़ने में सेनाएं किसी भी ऑपरेशनल टास्क के लिए तैयार हैं।उन्होंने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमारे सभी लोगों ने आरोग्य सेतु ऐप को डाउनलोड कर लिया है। हम यह सुनिश्चित करने में सक्षम होंगे कि कोरोना वायरस का प्रसार न हो सके। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हम सुरक्षित रहें, क्योंकि अगर हमारे सैनिक, नाविक और एयरमैन इस वायरस से प्रभावित होते हैं, तो हम अपने लोगों की सुरक्षा कैसे करेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस ने बहुत सीमित संख्या में तीनों सेनाओं को प्रभावित किया है। यह अनुशासन और धैर्य है जिसने हमें खतरे को फैलने से रोकने में मदद की है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत ने एएनआइ से बात करते हुए कहा कि यह एक ऐसा समय है जब कुछ दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका हमें पालन करना होगा अगर हम महामारी के खतरे से लड़ना चाहते हैं। धैर्य और अनुशासन ही हमें कोरोना वायरस संकट को दूर करने में मदद करेगा।जनरल रावत ने आगे कहा कि चिकित्सा अनुसंधान में शामिल वैज्ञानिक और अन्य एजेंसियां ??देश में चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन करने के लिए नवीन विचारों के साथ आई हैं, जिन्हें अब तक हम दूसरे देशों से आयात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस ने हमें एक सबक सिखाया है कि अब आत्मनिर्भर होने का समय आ गया है।देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 1990 नए मामले सामने आए हैं। इसके अलावा 49 लोगों की मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोरोना वायरस के मामले बढ़कर 26496 हो गए हैं। इसके अलावा अब तक 5804 लोग इलाज के बाद ठीक हुए हैं। मरने वालों का आंकड़ा 824 हो गया है।

यूपी में 30 जून तक किसी भी सार्वजनिक सभा की अनुमति नहीं : योगी

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रदेश में 30 जून तक किसी भी सार्वजनिक सभा की अनुमति नहीं दी जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने आधिकारिक आवास पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना शुरू हो गया है। इस वर्ष कोरोना संक्रमण के मद्देनजर सभी धर्मगुरुओं ने मुस्लिम भाइयों से घर पर ही रहकर नमाज अदा करने की अपील की है। इस दौरान कहीं भी कोई आयोजन न हो, भीड़ इकट्ठा न हो, क्योंकि इससे कोरोना संक्रमण फैलने की पूरी संभावना है।उन्होंने कहा कि 30 जून तक किसी भी सार्वजनिक सभा की अनुमति न दी जाए। उसके बाद परिस्थितियों पर विचार करते हुए कोई निर्णय लिया जाएगा। योगी ने आईटी सेक्टर में सोशल डिस्टेंसिंग कर काम को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए बालू, मौरंग, गिट्टी आदि के खनन को धीरे-धीरे शुरू करने को कहा। उन्होंने अनावश्यक पास जारी न किए जाने के निर्देश भी दिए और कच्ची शराब की बिक्री को हर हाल में रोकने तथा कोटे (जन वितरण प्रणाली) की दुकानों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा है।

आग लगने से 50 घर जलकर नष्ट

समस्तीपुर : जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के रामपुर एकसिल्ला गांव में आग लगने से 50 से अधिक घर जलकर नष्ट हो गये।पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि रामपुर एकसिल्ला गांव के दलित बस्ती में कल देर रात एक घर में खाना बनाने के दौरान आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने आसपास के 50 से अधिक घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में करीब दस लाख रुपए मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

एटा में पांच मौतों पर सनसनीखेज खुलासा

पत्नी ने विषाक्त पदार्थ खिलाकर खुद की थी आत्महत्या

एटा : शहर के मोहल्ला श्रृंगार नगर में शनिवार की सुबह पांच शव मकान से बरामद किए गए थे। पांचों शवों का पोस्टमार्टम देररात तक हो पाया था। इसमें खुलासा हुआ कि चार की मौत नहीं वरन हत्या की गई थी, इसके बाद दिव्या ने खुद की जान ले ली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चारों को पहले खाना खिलाया और उसी में नशीला पदार्थ खिलाया गया, जबकि दिव्या ने रविवार की रात खाना नहीं खाया था। श्रृंगार नगर में रहने वाले सेवानिवृत्त स्वास्थ्यकर्मी राजेश्वर प्रसाद पचौरी के मकान में पुत्रवधू दिव्या पचौरी पत्नी दिवाकर पचौरी, नाती आरूष (10) और आरव उर्फ छोटू (10 माह) दिव्या की बहन बुलबुल (26) के शव शनिवार सुबह बरामद हुए थे। पुलिस सूत्र बताते हैं कि परिवार में घरेलू कलह था। पोस्टमार्टम में खुलासा हुआ कि दिव्या ने पारिवारिक कलह में चारों को रविवार की रात खाना खिलाया था, खाने में ही सभी को विषाक्त पदार्थ दिया गया। विषाक्त पदार्थ वाला खाना खाने से चारों की मौत हो गई इसके बाद दिव्या ने सभी के गले दबाए और मासूम छोटू के मुंह को दबाकर जान ले ली। दिव्या जब चारों की मौत से संतुष्ट हुई तब उसने खुद विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी। जब लगा कि जान बच सकती है तो उसने ब्लेड से अपनी कलाई की नस भी काट ली थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने सभी शव परिजनों को सौंप दिए। बुलबुल के पिता बेटी का शव मथुरा ले गए जब कि राजेश्वर प्रसाद पचौरी, दिव्या पचौरी, आरूष और आरव के शवों का अंतिम संस्कार गांव सिरसा टिप्पू में शनिवार की रात ही कर दिया। एसएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि श्रृंगार नगर में मिले शवों का देररात तक पोस्टमार्टम हो सका था।

देश में बढ़ रही कोरोना की रफ्तार, 24 घंटों में 2000 नए मामलों की पुष्टि, 49 की मौत

नई दिल्ली/एजेंसियां : देशभर में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, देशभर में कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 26,496 हो गई है, जिसमें 19,868 सक्रिय हैं, 5,804 लोग स्वस्थ हो चुके हैं या उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और 824 लोगों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 1990 मामले सामने आए हैं और 49 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से 15 अप्रैल को लगाए गए लॉकडाउन फेज-2 के 10 दिन में ही संक्रमण के मामले दोगुने हो गए। जहां 15 अप्रैल को संक्रमितों की संख्या 12 हजार के आंकड़े से कुछ ज्यादा थी, वहीं स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार शनिवार रात तक यह दोगुनी तक बढ़ गई और अब संक्रमितों का आंकड़ा 26 हजार के ऊपर है।देशभर में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच देश के कुछ राज्य लॉकडाउन की सीमा बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। एक दिन पहले ही दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा था कि वे 3 मई के बाद लॉकडाउन बढ़ाए जाने को लेकर चर्चा करेंगे। इसी बीच खबरें हैं कि महाराष्ट्र सरकार भी लॉकडाउन के दूसरे फेज की अवधि मुंबई और पुणे जैसे शहरों में 15 मई तक बढ़ा सकती है। दरअसल, यह दोनों ही शहर कोरोना से बुरी तरह प्रभावित हैं। राज्य में अब तक संक्रमण के 7682 मामले हैं, जिनमें से 5049 अकेले मुंबई से हैं। वहीं पुणे और पिंपरी चिंचवाड़ में पीड़ितों की संख्या 1030 है। बता दें कि महाराष्ट्र में अब तक 7600 से ज्यादा मामलों की पुष्टि हो गई है। वहीं गुजरात में 3000 से ज्यादा और दिल्ली में 2600 से ज्यादा मामले सामने आ गए हैं। मध्य प्रदेश में दो हजार से ज्यादा मामले सामने आ गए हैं। तमिलनाडु में 1800 से ज्यादा और उत्तर प्रदेश में लगभग 1800 मामले सामने आ गए हैं और आंध्र प्रदेश में 1000 से ज्यादा मामलों की पुष्टि हो गई है।

पटना में मना अक्षय तृतिया

तीन संक्रमित ने कोरोना फैलने से रोका

पटना। ये हमारे हीरो हैं। इनके जैसी ही समझ लोगों में आ जाए तो कोरोना को मात देना मुश्किल नहीं। हम बात बेउर के उन तीन कोरोना पॉजिटिव मरीजों की कर रहे हैं जो शुक्रवार को मुंबई से लौटे थे। वे अपने घर न जाकर सीधे पीएमसीएच पहुंचे, खुद को आइसोलेट करने की बात कही। सभी फरवरी में ही कैंसर के एक मरीज के साथ मुंबई गए थे। इनमें 42 साल के कैंसर मरीज, उनके 35 व 38 साल के दो परिजन और एक अन्य रिश्तेदार शामिल हैं। पीएमसीएच में इन चारों का सैंपल लिया जिनमें कैंसर के मरीज के साथ ही उनके 35 व 38 साल के दो परिजनों की रिपोर्ट शनिवार की रात पॉजिटिव आ गई। डीएम ने कहा कि इन लोगों ने एक बड़ी आबादी को बचा लिया।

इधर, राज्य में शनिवार को पटना समेत 10 जिलों में 28 पॉजिटिव मिले। इस तरह बिहार में कुल मरीजों की संख्या 251 हो गई। सबसे अधिक 7 पॉजिटिव केस पटना में ही मिले। खाजपुरा में भी 4 नए केस सामने आए। इस तरह पटना में कुल पॉजिटिव 33 हो गए हैं। वहीं, कैमूर में 6, बक्सर में 5, रोहतास में 2, मुंगेर में तीन, अरवल, भोजपुर, गया और सारण के एक-एक पॉजिटिव मिले।

प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह द्वारा स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, रांची से प्रकाशित कर मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सात्वीक प्रोडक्सन प्राइवेट लिमिटेड, सिमलिया चौक दलादली, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची), संपादक-सचिन कुमार सिंह * (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) फोन नं.- 0651-2290111, ईमेल- www.navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)